(a) गैसीय चक्र (Gaseous cycle)
(b) जैव भू-रासायनिक चक्र (Biogeochemical cycle)
(c) जल चक्र (Water cycle)
(d) भू-आकृतिक चक्र (Geomorphic cycle)

**Ans. (b) :** जीवमंडल में जीव और पर्यावरण के बीच रासायनिक तत्वों के चक्रीय प्रवाह को जैव भू-रासायनिक चक्र कहते हैं। जैव भू-रासायनिक चक्र, जीवित जीवों और पर्यावरण के बीच रासायनिक संसाधनों को पुनः चक्रित करने की प्रक्रिया है। जैव भू-रासायनिक चक्र दो प्रकार के होते हैं– गैसीय और अवसादी चक्र।

**79. मोहम्मद गोरी ओर पृथ्वीराज चौहान के बीच लड़ा गया युद्ध किस नाम से जाना जाता है ?**
(a) तराइन की लड़ाई (b) खानवा की लड़ाई
(c) प्लासी की लड़ाई (d) बक्सर की लड़ाई

**Ans. (a) :** तराइन का युद्ध, मोहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के बीच हुआ था। तराइन का पहला युद्ध 1191 में हुआ था, जिसमें पृथ्वीराज चौहान की जीत हुई थी। तराइन का द्वितीय युद्ध 1192 में मुहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के मध्य हुआ था जिसमें पृथ्वीराज पराजित हुये। तराइन का युद्ध, मध्यकालीन भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है। इस युद्ध के बाद, उत्तर भारत में मुस्लिम शासन की नींव रखी गई थी।

**80. शेख ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह कहाँ स्थित है?**
(a) अजमेर (b) अजधन
(c) आगरा (d) दिल्ली

**Ans. (d) :** शेख ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी, चिश्ती सम्प्रदाय के एक मुस्लिम सूफी संत और विद्वान थे। यह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी और शिष्य थे, इन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में चिश्ती सम्प्रदाय की नींव रखी थी। शेख ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह दिल्ली में स्थित है।

**81. भारतीय संविधान में कितने मौलिक अधिकार दिए गए हैं?**
(a) 7 (b) 6
(c) 5 (d) 4

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान के भाग–III (अनुच्छेद 12-35 तक) में मौलिक अधिकारों का विवरण है। भारत का संविधान 6 मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जो निम्नलिखित है–
1. समता का अधिकार,
2. स्वतंत्रता का अधिकार,
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार,
4. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार,
5. संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार,
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

**82. कौन सा महाद्वीप 'द्वीपीय महाद्वीप' कहा जाता है?**
(a) दक्षिण अमेरिका (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) अफ्रीका (d) उत्तरी अमेरिका

**Ans. (b) :** ऑस्ट्रेलिया सबसे छोटा महाद्वीप है,जो पूरी तरह से दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है। यह चारों तरफ महासागरों और समुद्रों से घिरा हुआ है इसे एक 'द्वीपीय महाद्वीप' कहा जाता है। ज्ञातव्य है कि विश्व में सात महाद्वीप हैं।

**83. पीएचसी (PHC) का पूरा नाम क्या है?**
(a) सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल (Public Health Care)
(b) सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र (Public Health center)
(c) प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (Primary Health Care)
(d) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (Primary Health Center)

**Ans. (d) :** पीएचसी का पूरा नाम 'प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र' (Primary Health Care) है। यह सार्वजनिक केन्द्र का एक हिस्सा है, जो ग्रामीण इलाकों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है।

**84. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष कौन थीं?**
(a) एनी बेसेंट (b) सरोजिनी नायडू
(c) विजया लक्ष्मी पंडित (d) इंदिरा गांधी

**Ans. (b) :** सरोजिनी नायडू, एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री और राजनीतिज्ञ थीं, इनका जन्म 13 फरवरी, 1879 को हैदराबाद, भारत में हुआ था। इनको वर्ष 1925 (कानपुर सत्र) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।

**85. किस देश के व्यक्ति ने प्राचीन भाषाओं में 'मिरर टाइपिंग' पुस्तकें बनाकर गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड बनाया?**
(a) ऑस्ट्रिया (b) कनाडा
(c) इटली (d) फ्रांस

**Ans. (c) :** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस (GWR) की रिपोर्ट के अनुसार, एक इटावली (इटली के) व्यक्ति, मिशेल सेंटेलिया ने 81 पुस्तकों की प्रतियाँ उल्टा टाइप करके एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है, जिसे 'मिरर टाइपिंग' कहते हैं।

**86. एक प्रसिद्ध डॉक्टर और सक्रिय कार्यकर्ता ''गाओया ओजी'' का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह किस देश के थे?**
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) यूएसए (USA)
(c) चीन (d) फ्रांस

**Ans. (c) :** डॉ. गाओयाओजी, एक चीनी डॉक्टर और एड्स कार्यकर्ता थे, जो 1990 के दशक के दौरान ग्रामीण चीन में महामारी को उजागर करने के लिय जाने जाते थे।

**87. भारतीय वन विज्ञान अनुसंधान शिक्षा परिषद् की पहली महानिदेशक ( डीजी ) के रूप में किसे नियुक्त किया गया ?**
(a) कंचन देवी (b) किरण बेदी
(c) बी राधिका (d) सारा शर्मा

**Ans. (a) :** भारतीय वन विज्ञान अनुसंधान शिक्षा परिषद (ICFRE) की पहली महिला महानिदेशक (डीजी) के रूप में 'कंचन देवी' को नियुक्त किया गया है। ICFRE का मुख्यालय देहरादून में है।

**88. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किस शहर में किया ?**
(a) बैंगलोर (b) पुणे
(c) अहमदाबाद (d) इंदौर

**Ans. (d) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में 17वें 'प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन' का उद्घाटन इंदौर शहर में किया था। प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है। यह विदेशों में रहने वाले भारतीयों के साथ जुड़ने और सम्पर्क स्थापित करने तथा प्रवासी भारतीयों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिये एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। 18वाँ प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, 2025 में ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था।

**89. नवंबर 2023 में, $195.75 बिलियन के कुल मूल्यांकन के साथ यूनिकॉर्न कंपनियों के मामले में भारत का रैंक क्या था ?**

(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

**Ans. (c) :** नवंबर, 2023 में, $ 195.75 बिलियन के कुल मूल्यांकन के साथ यूनिकॉर्न कंपनियों के मामले में भारत का तीसरा रैंक था। हुरुन रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत में 67 यूनिकॉर्न थे, जो 2022 में 68 यूनिकॉर्न से एक कम था।

**90. 'पाणिनी कोड' (Panini code) जो 2500 वर्ष पुराना व्याकरण एल्गोरिदम है, किस भाषा में है?**

(a) तमिल (b) संस्कृत
(c) मराठी (d) बंगाली

**Ans. (b) :** पाणिनी कोड, जो 2500 वर्ष पुराना व्याकरण एल्गोरिदम है, वह संस्कृत भाषा में है। पाणिनी संस्कृत भाषा के सबसे बड़े वैयाकरण थे, इनका जन्म तत्कालीन उत्तर-पश्चिम भारत के गान्धार में हुआ था। पाणिनी के व्याकरण का नाम अष्टाध्यायी है जिसमें आठ अध्याय और लगभग चार सहस्त्र सूत्र हैं।

**91. शिक्षा के लिए ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त करने वाला आईआईटी (IIT) कौन-सा है?**

(a) आईआईटी रूड़की (b) आईआईटी बॉम्बे
(c) आईआईटी दिल्ली (d) आई आईटी मद्रास

**Ans. (d) :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT मद्रास) ने दिसंबर 2022 में व्हार्टन-QS रीइमेजिन एजुकेशन अवॉर्डस जीता था, जिसे 'शिक्षा के ऑस्कर' के रूप में भी जाना जाता है। व्हार्टन-QS रीइमेजिन एजुकेशन अवार्डस शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों, संस्थानों और संगठनों को प्रदान किया जाता है।

**92. राजस्थान में महिला सशक्तिकरण नीति में उल्लिखित प्राथमिक दृष्टि क्या है?**

(a) लैंगिक असमानताओं को बनाए रखने के लिए
(b) पितृसत्तात्मक मानदंडों को सुदृढ़ करने के लिए
(c) सभी लिंगों के लिए समान गरिमा और सम्मान का समाज बनाने के लिए
(d) महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर करना

**Ans. (c) :** राजस्थान की महिला सशक्तिकरण नीति में सभी लिंगों के लिये समान गरिमा और सम्मान का समाज बनाना, प्राथमिकता में शामिल है। बालिकाओं के अधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिये बचाव और दंडात्मक उपाय किये जायेंगे। बालिकाओं के साथ व्यवहार में भेदभाव को कम करने और उनकी सकारात्मक छवि बनाने पर जोर दिया जाएगा।

**93. महामारी के दौरान बढ़े हुए कार्यभार से फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता कैसे प्रभावित हुए हैं?**

(a) सरकार से अतिरिक्त धन प्राप्त किया
(b) तनाव और संक्रमण का डर
(c) टीकाकरण अभियान में भाग लिया
(d) विस्तारित समय का आनंद लिया

**Ans. (b) :** महामारी, स्वास्थ्य सेवा कर्मियों (एचसीडब्ल्यू) के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करता है। महामारी के दौरान बढ़े हुये कार्यभार से फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता तनाव और संक्रमण के डर से प्रभावित होते हैं।

**94. भारतीय दंड संहिता की धारा 376 किससे संबंधित है?**

(a) बलात्कार (b) अप्राकृतिक अपराध
(c) बलात्कार की सजा (d) अवैध अनिवार्य श्रम

**Ans. (c) :** भारतीय दंड संहिता की धारा 376, बलात्कार से जुड़े अपराधों से संबंधित है। इसके तहत, बलात्कार के लिये कम से कम 10 साल जेल की सजा और गंभीर मामलों में, आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान है।

**95. किस किशोर अधिनियम ने भारतीय किशोर अपराध अधिनियम 2000 को प्रतिस्थापित किया?**

(a) किशोर न्याय विधेयक, 2015
(b) किशोर न्याय विधेयक, 2018
(c) किशोर न्याय विधेयक, 2005
(d) इनमें से कोई नहीं।

**Ans. (a) :** किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 ने किशोर अधिनियम, 2000 को प्रतिस्थापित किया है। इस अधिनियम के तहत जघन्य अपराधों में शामिल 16-18 आयु वर्ग के किशोरों को वयस्क के रूप में माना गया है। यह अधिनियम अनाथ, परित्यक्त, आत्मसमर्पण करने वाले बच्चों की स्पष्ट परिभाषा देने के साथ उनके लिये एक संगठित प्रणाली प्रदान करता है।

**96. भारत में ''प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना'' का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

(a) गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना
(b) बाल शिक्षा को बढ़ावा देना
(c) बाल विवाह को रोकना
(d) महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना

**Ans. (a) :** वर्ष 2017 के आरंभ में भारत सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)' शुरू की गई थी, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को परिवार के पहले जीवित बच्चें के लिये 5,000 रूपये का नकद प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य में सुधार लाना और गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

**97. निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान में महिलाओं के लिए राज्य नीति का उद्देश्य नहीं है?**

(a) महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना
(b) गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए
(c) निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी को प्रतिबंधित करना
(d) महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हानिकारक प्रथाओं को रोकने के लिए

**Ans. (c) :** राजस्थान में महिलाओं के लिये राज्य नीति का उद्देश्य महिलाओं को प्रभावित करने वाले सभी नीतिगत मामलों पर सरकार को सलाह देना। इसके अन्य उद्देश्य महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना, गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के लिये समान अवसर सुनिश्चित करने के लिये, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हानिकारक प्रथाओं को रोकना है।

**98. भारत में कौन-सा अधिनियम बच्चों को इंटरनेट पर यौन अपराधों और शोषण से सुरक्षा प्रदान करता है?**

(a) किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम
(b) यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पोक्सो) अधिनियम
(c) बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम
(d) अनैतिक यातायात (रोकथाम) अधिनियम

**Ans. (b) :** POCSO, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम (Protection of Children from Sexual Offences Act–POCSO) का संक्षिप्त नाम है। POCSO अधिनियम, 2012 को बच्चों के हित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये बच्चों को यौन अपराध, यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से संरक्षण प्रदान करने के लिये लागू किया गया था।

**99. मुफ्त स्कूटी योजना के तहत, स्कूटी वितरण का सबसे कम प्रतिशत किस शैक्षणिक स्ट्रीम को प्राप्त हुआ है?**

(a) विज्ञान
(b) कॉमर्स
(c) आर्ट्स
(d) सभी स्ट्रीम को समान वितरण प्राप्त हुआ है

**Ans. (b) :** काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से कम से कम 65% अंक लाने वाली जनजातीय छात्राएँ और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से कम से कम 75% अंक लाने वाली जनजातीय छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दी जाती है। इस योजना में स्कूटी वितरण का सबसे कम प्रतिशत कॉमर्स स्ट्रीम को प्राप्त हुआ है।

**100. राजस्थान लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लड़कियों को आजीवन वित्तीय सहायता विभिन्न चरणों में प्रदान करने का उद्देश्य क्या है?**

(a) स्कूल की उपस्थिति और समाप्ति को प्रोत्साहित करने के लिए
(b) उच्च शिक्षा और व्यावसायिक विकास का समर्थन करने के लिए
(c) वयस्कता तक पहुंचने पर वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए
(d) दिया हुआ सभी

**Ans. (d) :** राजस्थान लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लड़कियों को आजीवन वित्तीय सहायता विभिन्न चरणों में प्रदान करने का उद्देश्य स्कूल की उपस्थिति को प्रोत्साहित करने के लिये, उच्च शिक्षा और व्यावसायिक विकास का समर्थन करने के लिये और वयस्कता तक पहुँचने पर वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिये है।

**101. राजस्थान में इंदिरा गांधी मुफ्त स्मार्टफोन योजना किसने शुरू की?**

(a) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
(b) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत
(c) गवर्नर कलराज मिश्रा
(d) राजस्थान के मुख्य सचिव

**Ans. (b) :** 10 अगस्त, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लाभार्थी महिलाओं-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान कर 'इंदिरा गांधी स्माटफोन योजना' का शुभारंभ किया। यह योजना महिला सशक्तीकरण का एक माध्यम है।

**102. मुफ्त स्कूटी योजना के अनुसार, किस प्रकार का स्कूल छात्र भागीदारी के लिए योग्य नहीं है?**

(a) सरकारी स्कूल
(b) सीबीएससी (CBSE) बोर्ड से संबद्ध निजी स्कूल
(c) राजस्थान बोर्ड से संबद्ध निजी स्कूल
(d) व्यावसायिक प्रशिक्षण देने वाले स्कूल

**Ans. (d) :** राजस्थान सरकार द्वारा राज्य की स्थायी निवासी छात्राओं को उच्च शिक्षा में सहायता देने के लिये कालीबाई स्कूटी योजना की घोषणा की गई थी। मुफ्त स्कूटी योजना के अनुसार सरकारी स्कूल, CBSE बोर्ड से संबंधित निजी स्कूल और राजस्थान बोर्ड से संबंध निजी स्कूल के छात्रों को मुफ्त में स्कूटी प्रदान की जाती है।

**103. स्मार्टफोन प्राप्ति प्रक्रिया पूरी होने पर लाभार्थी के ई-वॉलेट में हस्तांतरित कुल राशि कितनी है?**

(a) 5000 रुपये (b) 6000 रुपये
(c) 6800 रुपये (d) 7000 रुपये

**Ans. (c) :** राजस्थान सरकार की इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के तहत, लाभार्थियों के ई-वॉलेट में कुल 6800 रुपये स्थानांतरित किये जाते हैं। राजस्थान सरकार की इंदिरा गाँधी स्मार्टफोन योजना 10 अगस्त 2023 को शुरू की गई। इस योजना का उद्देश्य प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**104. देवनारायण स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन योजना के तहत प्राप्त स्कूटर को कब तक बेचना प्रतिबंधित है?**

(a) 1 साल (b) 5 साल
(c) 3 साल (d) 7 साल

**Ans. (c) :** देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन योजना के नियम 2011 के अनुसार, इस योजना के तहत दी गई स्कूटी को 3 वर्ष तक बेचना प्रतिबंधित है। इस योजना का लाभ पाने वाले छात्र के माता-पिता या संरक्षक की सलाना आय 2.50 लाख रूपये से कम होनी चाहिये।

**105. मुफ्त स्कूटी योजना के तहत लाभ उठाने के लिए, एक छात्र को कक्षा 12वीं में न्यूनतम प्रतिशत क्या स्कोर करना चाहिए?**

(a) 60% (b) 70%
(c) 75% (d) 80%

**Ans. (c) :** मेधावी छात्रा स्कूटी योजना का लाभ उठाने के लिये, छात्रों को 12वीं कक्षा की परीक्षा में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 65% और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 75% अंक प्राप्त करने होते हैं।

**106. राजस्थान की आर्थिक गतिविधियों के स्तर को प्रभावित करने वाले राजस्थान की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों (कृषि, उद्योग, जनता की जीवन गुणवत्ता) से संबंधित सबसे निर्णायक मुद्दा कौन-सा है?**

(a) पानी का प्रभाव (b) कम पूंजी
(c) ऊर्जा की कमी (d) व्यापक निरक्षरता

**Ans. (d) :** राजस्थान की आर्थिक गतिविधियों के स्तर को प्रभावित करने वाले राजस्थान की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों (कृषि, उद्योग, जनता की जीवन गुणवत्ता) से संबंधित सबसे निर्णायक मुद्दा 'व्यापक निरक्षता' है।

**107. 26वां अंतराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव (ICF-2019) राजस्थान के किस शहर में हुआ था?**

(a) बीकानेर (b) जयपुर
(c) बाड़मेर (d) जैसलमेर

**Ans. (a) :** 2019 में 26वें अंतर्राष्ट्रीय ऊँट उत्सव का आयोजन बीकानेर (राजस्थान) में किया गया था। यह उत्सव डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसका आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा किया गया।

**108. राजस्थान में कौन-सा मरुस्थल स्थित है?**

(a) गोबी रेगिस्तान (b) थार रेगिस्थान
(c) सहारा रेगिस्तान (d) कालाहारी रेगिस्तान

**Ans. (b) :** थार मरुस्थल राजस्थान में स्थित है, जिसे ग्रेट इंडियन डेजर्ट भी कहा जाता है। यह विश्व का 17वाँ सबसे बड़ा रेगिस्तान और दुनिया का 9वाँ सबसे बड़ा गर्म उपोष्णकटिबंधीय रेगिस्तान है। यह 200,000 वर्ग किमी. के क्षेत्र को कवर करता है, जो भारत और पाकिस्तान के बीच एक प्राकृतिक सीमा बनाता है।

**109. राजपूत शासकों में से कौन-से पहले शासक थे जिन्होंने बालिका हत्या को रोकने का प्रयास किया?**

(a) जगत सिंह (b) सवाई जय सिंह
(c) जसवंत सिंह (d) राम सिंह

**Ans. (b) :** राजपूत शासकों में से सवाई जयसिंह ने सबसे पहले बालिका हत्या रोकने का प्रयास किया था। सवाई जयसिंह, आमेर राज्य के 29वें कछवाहा राजपूत शासक थे, जिसने जयपुर शहर की स्थापना की थी। इन्होंने सामाज सुधार के लिये अनेक काम किये जिसमें कन्या वध, दहेज-उपहार और सती प्रथा पर रोक लगाने का प्रयास शामिल है।

**110. अगस्त 2015 में राजस्थान के किस जिले में युद्ध संग्रहालय स्थापित किया गया था?**

(a) सीकर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर

**Ans. (c) :** अगस्त, 2015 में राजस्थान के जैसलमेर जिले में युद्ध संग्रहालय की स्थापना की गयी थी। इस संग्रहालय को भारतीय सेना की बहादुरी और बलिदान को दर्शाने के लिये बनाया गया है। इस संग्रहालय में टैंक, बंदूके, सैन्य वाहन, ट्राफी, पुराने उपकरण, सम्मान दीवार और ऑडियों-विजुअल रुम आदि संग्रहीत हैं।

**111. राजपूतों के कौन-से वंश ने जयपुर की रियासत का शासन किया था?**

(a) सिसोदिया (b) कच्छ्वाहा
(c) राठौर (d) हाड़ा

**Ans. (b) :** जयपुर रियासत पर कच्छ्वाहा राजपूत वंश ने शासन किया था। जयपुर रियासत को पहले आमेर राज्य कहा जाता था जो राजपुताना के उत्तर-पूर्वी ढुंढार क्षेत्र में स्थित था। कछवाहा राजपूतों ने अलवर, मैहर और तालचर जैसी कई रियासतों पर भी शासन किया। जयपुर के महाराजा को कछवाहा वंश का मुखिया माना जाता है।

**112. वह प्रधान राज्य जो 25 मार्च, 1948 को बने राजस्थान संघ का हिस्सा नहीं था?**

(a) बूंदी (b) प्रतापगढ़
(c) उदयपुर (d) शाहपुरा

**Ans. (c) :** 25 मार्च, 1948 को बने राजस्थान संघ में कोटा बूंदी, झालावाड़, बांसवाड़ा, टोक, प्रतापगढ़, शाहपुरा, किशनगढ़ डूंगरपुर और कुशवाहा (ठिकाणा) रियासतें शामिल थीं। ध्यातव्य है कि उदयपुर रियासत मार्च, 1948 में गठित राजस्थान संघ का हिस्सा नहीं थी।

**113. भारत की निम्नलिखित नहरों और उनके कनेक्टिंग राज्यों पर विचार करें ।**

**(I) मुनक नहर – हरियाणा और दिल्ली**
**(II) इंदिरा गांधी नहर – पंजाब और राजस्थान**
**(III) बकिंघम नहर – आंध्र प्रदेश और कर्नाटक**
**(IV) नर्मदा नहर – मध्य प्रदेश और गुजरात**
**उपरोक्त में से कौन-सा सही सुमेलित है?**

(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I, II और III (d) I, II, III और IV

**Ans. (a) :**

| | |
|---|---|
| मुनक शहर | – हरियाणा और दिल्ली |
| इंदिरा गांधी नहर | – पंजाब और राजस्थान |
| बंकिघम नहर | – आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु |
| नर्मदा नहर | – गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान |

**114. कालीबंगन और बालाथल में कौन-सी सभ्यता के अवशेष स्थित हैं?**

(a) हड़प्पा की सभ्यता (b) इंकन सभ्यता
(c) मेसोपोटामिया सभ्यता (d) सिंधु घाटी सभ्यता

**Ans. (d) :** कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले का एक प्राचीन एवम् ऐतिहासिक स्थल है, यहाँ सिंधु घाटी सभ्यता के महत्वपूर्ण अवशेष मिले हैं।

बालाथल उदयपुर जिले की वल्लभनगर तहसील में स्थित आहड बनास संस्कृति का एक पुरातात्विक स्थल है।

**115. राजस्थान के थार मरूस्थल में किस प्रकार के रेत के टीले ''बालू का टीबा'' की विशेषता में नहीं है?**

(a) लासादिया रॉक फॉर्मेशन (b) उडिया रॉक फॉर्मेशन,
(c) बागेलखंड रॉक फॉर्मेशन (d) भोरट रॉक फॉर्मेशन,

**Ans. (c) :** राजस्थान के थार मरुस्थल में ''बालू का टीबा'' के संदर्भ में बागेलखंड रॉक फॉर्मेशन राजस्थान की विशेषता में नहीं है। बागेलखंड रॉक फॉर्मेशन राजस्थान के थार मरुस्थल में नहीं पायी जाती, बल्कि यह मध्य भारत में स्थित एक भू-वैज्ञानिक क्षेत्र है, जो मुख्य रूप से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में फैला हुआ है।

**116. राजस्थान किस गोलार्ध में स्थित है?**

(a) उत्तरी (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) पश्चिमी

**Ans. (a) :** राजस्थान, उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है, यह 23 03' से 30 12' उत्तरी अक्षांश और 69 30' से 78 17' पूर्वी देशांतर के बीच स्थित है। राजस्थान, क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा तथा जनसंख्या के हिसाब से भारत का 7वाँ सबसे बड़ा राज्य है।

117. **खरीफ मौसम के दौरान राजस्थान में कौन-कौन सी तिलहन फसल नहीं होती है?**
(a) मूंगफली (b) तिल
(c) सोयाबीन (d) सरसों

**Ans. (d) :** खरीफ मौसम में राजस्थान में सरसों की तिलहन फसल नहीं होती है। सरसों, रबी मौसम की फसल होती है वहीं खरीफ मौसम में मूंगफली, तिल और सोयाबीन जैसी तिलहन फसलें उगायी जाती हैं।

118. **पाकिस्तान के साथ राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा को क्या कहा जाता है?**
(a) डूरंड लाइन (b) मैकमोहन लाइन
(c) रेडक्लिफ लाइन (d) इनमें से कोई

**Ans. (c) :** पाकिस्तान-राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा का नाम 'रेडक्लिफ अंतर्राष्ट्रीय सीमा' है क्योंकि यह सीमा ब्रिटिश अधिकारी माइकल रेडक्लिफ द्वारा निर्धारित की गई थी। राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लंम्बाई 1070 किमी. है, जो हिन्दुमल कोट (गंगानगर) से शाहगढ़ (बाड़मेर) तक फैली हुई है।

119. **राजस्थान का पहला विज्ञान पार्क कहाँ स्थित है?**
(a) बीकानेर (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) कोटा

**Ans. (b) :** राजस्थान का पहला विज्ञान पार्क जयपुर जिले में स्थित है। विज्ञान केन्द्र और विज्ञान पार्क, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा स्थापित किया गया है, जो संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार के सहयोग से है।

120. **क्षेत्रफल के हिसाब से राज्य का सबसे बड़ा जिला कौन-सा है?**
(a) बाड़मेर (b) जैसलमेर
(c) बीकानेर (d) भीलवाड़ा

**Ans. (b) :** क्षेत्रफल के हिसाब से राजस्थान का सबसे बड़ा जिला जैसलमेर है, जिसका क्षेत्रफल 38,401 वर्ग किलोमीटर है जबकि राजस्थान का सबसे छोटा जिला दूदू है।

121. **कौन-कौन सी फसल और जाति का संयोजन सही नहीं है?**
(a) मक्का – माही कंचन और माही धवल
(b) चावल – कावेरी, चंबल और परमाल
(c) गेहूं – मैक्सिकन और कोहिनूर
(d) मूंगफली – चंद्र और कुफरी

**Ans. (d) :**

| फसल | प्रजाति |
|---|---|
| मक्का | माही कंचन और माही धवल |
| चावल | कावेरी, चंबल और परमाल |
| गेंहूँ | मैक्सिकन और कोहिनूर |
| मूँगफली | कादिरी-2 और चित्रा, कोशल |

122. **राजस्थान के किस भौतिक क्षेत्र में 'प्लेया' झीलें पाई जाती हैं?**
(a) पठार हदोटी (b) मैदान
(c) अरावली पर्वत (d) थार रेगिस्तान

**Ans. (d) :** प्लाया झीलें, आन्तरिक रेगिस्तान घाटियों में पायी जाती है, इन्हें फ्लैट या सूखी झील भी कहा जाता है। ये झीलें बाढ़ आने पर बनती है। प्लाया झालें राजस्थान के जैसलमेर और बीकानेर जिलों में पायी जाती है।

123. **राजस्थान में सदाबहार वन कहाँ पाए जाते हैं?**
(a) उदयपुर (b) माउंट आबू
(c) कोटा (d) अजमेर

**Ans. (b) :** राजस्थान में सदाबहार वन, सिरोही जिले में स्थित माउंट आबू की पहाड़ियों पर पाये जाते हैं। इन वनों में पेड़ों की अर्ध-सदाबहार और कुछ सदाबहार प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

124. **वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए वित्तीय घाटा INR 28,011.21 करोड़ था, जो राजस्थान के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का कितना प्रतिशत है?**
(a) 3.55% (b) 2.78%
(c) 2.98% (d) 1.85%

**Ans. (c) :** राजस्थान बजट 2018-19 में राजकोषीय घाटा 28,011 करोड़ रूपये था, जो कि GSDP का 2.98% है। ध्यातव्य है कि वर्ष 2023-24 के लिये राजस्थान का सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) (मौजूदा कीमतों पर) 15.7 लाख करोड़ रूपये होने का अनुमान है, जिसमें 2022-23 के मुकाबले 11.51 की वृद्धि की गयी है।

125. **राजस्थान राज्य में विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से जिला गरीबी उन्मूलन योजना किस वर्ष प्रारम्भ हुई?**
(a) 2002 (b) 2001
(c) 2000 (d) 1999

**Ans. (c) :** राजस्थान में विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से जिला गरीबी उन्मूलन योजना वर्ष 2000 में शुरु की गयी थी। इस योजना को जिला गरीबी पहल योजना (डीपीआईपी) के नाम से भी जाना जाता है। यह परियोजना राजस्थान सरकार और विश्व बैंक के बीच मिलकर चलाई गई थी।

126. **ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2017 में भारत का कौन-सा स्थान था?**
(a) 100 (b) 101
(c) 120 (d) 98

**Ans. (a) :** वर्ष 2017 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI) में भारत का स्थान 119 देशों में से 100 वाँ था। यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI) ने प्रकाशित की थी। ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI) एक बहुआयामी सूचकांक है, जो भूख की स्थिति को क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर दिखाता है। 2024 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 127 देशों में भारत 105वें स्थान पर है।

127. **निम्नलिखित में से सही जोड़ी का मिलान करें ।**
(a) तुंगभद्रा प्रोजेक्ट – कृष्णा नदी
(b) टिहरी डैम प्रोजेक्ट – भागीरथी नदी
(c) सुवर्णरेखा प्रोजेक्ट – झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल
(d) दिया हुआ सभी

**Ans. (d) :**
तुंगभद्रा प्रोजेक्ट - तुंगभद्रा नदी (कृष्णा नदी की सहायक नदी)
टिहरी डैम प्रोजेक्ट - भागीरथी नदी
सुवर्ण रेखा प्रोजेक्ट - झारखण्ड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल

128. **राजस्थान की 11वीं पंचवर्षीय योजना में आर्थिक विकास का लक्ष्य दर क्या है?**
(a) 8% (b) 7.4 %
(c) 8.6 % (d) 7 %

**Ans. (b) :** राजस्थान की ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में आर्थिक विकास का लक्ष्य तीव्र और समावेशी विकास था। इस योजना का कार्यकाल 2007 से 2012 तक था और इस योजना में आर्थिक विकास का लक्ष्य दर 7.4% था।

**129. मुख्य सूचना आयुक्त या अन्य आयुक्तों को राज्य स्तर पर कौन हटा सकता है?**

(a) स्वयं राज्यपाल द्वारा

(b) मुख्यमंत्री द्वारा

(c) मुख्यमंत्री द्वारा राज्यपाल के नेतृत्व में गठित एक समिति की सिफारिश पर

(d) राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित एक समिति की सिफारिश पर

**Ans. (d) :** मुख्य सूचना आयुक्त या अन्य राज्य सूचना आयुक्त को 'राज्यपाल' मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित एक समिति की सिफारिश पर हटा सकते हैं। राज्य सूचना आयुक्त का कार्यकाल 3 साल या 65 वर्ष की उम्र तक, जो भी पहले हो, होता है इनकी नियुक्ति भी राज्यपाल द्वारा की जाती है।

**130. राजस्थान राज्य स्पोर्ट्स काउंसिल कब स्थापित हुआ था?**

(a) 1957 (b) 1959

(c) 1958 (d) 1949

**Ans. (a) :** राजस्थान राज्य खेल परिषद राजस्थान में खेल गतिविधियों के विकास और राज्य के खिलाड़ियों को कोचिंग प्रदान करने के लिये राज्य स्तर पर सर्वोच्च निकाय है। इसकी स्थापना 1957 में राजस्थान सरकार द्वारा की गई थी, इसका मुख्यालय जयपुर में स्थित है।

**131. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना 2020 के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएँ शामिल हैं?**

(a) पीएम किसान योजना

(b) उज्ज्वला योजना

(c) पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना

(d) दिया हुआ सभी

**Ans. (d) :** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना 2016 में प्रधानमंत्री द्वारा कराधान कानून (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के साथ शुरू की गई थी। PMGKY के संबंध में अंतिम घोषणा 29 जून 2020 को की गई थी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना 2020 के अंतर्गत पीएम किसान योजना, उज्ज्वला योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना शामिल है।

**132. नागौर में, पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रणाली किस पंचवर्षीय योजना के तहत शुरू हुई?**

(a) पहली (b) दूसरी

(c) तीसरी (d) चौथी

**Ans. (b) :** पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रणाली, राजस्थान के नागौर में 'द्वितीय पंचवर्षीय योजना' के दौरान शुरू हुई थी। इसका उद्घाटन 2 अक्टूबर, 1959 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया था। पंचायती राज, ग्रामीण स्थानीय स्व-शासन और विकास की एक प्रणाली है।

**133. ग्राम पंचायत का चुनाव किस पर निर्भर करता है?**

(a) कलेक्टर पर (b) चुनाव आयोग पर

(c) राज्य सरकार पर (d) प्रभागीय स्तर पर

**Ans. (c) :** पंचायत चुनाव, भारत के संविधान के अनुच्छेद-243(K) के खण्ड (1) में वर्णित है। राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार पंचायत चुनावों का प्रबंधन करता है। ज्ञातव्य है कि ग्राम पंचायत का चुनाव राज्य सरकार पर निर्भर रहता है।

**134. राजस्थान राज्य का कौन-सा जिला डांग क्षेत्र के अंतर्गत आता है?**

(a) अलवर (b) सवाई माधोपुर

(c) धौलपुर (d) दिया हुआ सभी

**Ans. (*) :** डांग क्षेत्र, राजस्थान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित है। यह क्षेत्र चंबल नदी के किनारे बसा है तथा इस क्षेत्र को बीहड़ क्षेत्र भी कहा जाता है। डांग क्षेत्र के अंतर्गत राजस्थान राज्य के 8 जिलें- भरतपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर, झालावाड़ा, करौली, कोटा और सवाई माधोपुर आता है।

**135. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को पद से हटाने का अधिकार किसके पास है?**

(a) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(b) केवल राष्ट्रपति

(c) केवल संसद

(d) संसद और राष्ट्रपति दोनों

**Ans. (c) :** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को पद से हटाने का अधिकार केवल संसद के पास है। भारत का मुख्य न्यायाधीश भारत के सर्वोच्च न्यायालय का प्रमुख होता है। उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को केवल दुर्व्यवहार या अक्षमता के आधार पर हटाया जा सकता है।

**136. गवर्नर को किस क्षेत्र में विवेकाधिकार नहीं है?**

(a) राष्ट्रपति के लिए आरक्षित बिल रखना

(b) अदालत में मुख्यमंत्री के किसी भी आदेश के खिलाफ अपील

(c) राज्य विधान परिषद् और अन्य मामलों से जानकारी प्राप्त करना

(d) किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ रखना

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान के अनुसार, राज्यपाल को अपने विवेक से कुछ कार्य करने का अधिकार है, जिसे विवेकाधीन शक्ति कहा जाता है। ज्ञातव्य है कि राज्यपाल को अदालत में मुख्यमंत्री के किसी भी आदेश के खिलाफ अपील करने का विवेकाधिकार नहीं प्राप्त है।

**137. राजस्थान में सबसे सूखा हुआ जिला कौन-सा है?**

(a) पाली (b) जोधपुर

(c) जालौर (d) जैसलमेर

**Ans. (d) :** जैसलमेर, थार रेगिस्तान में स्थित है, जो राजस्थान राज्य का सबसे सूखा जिला है। राजस्थान में सूखे और अकाल का मुख्य कारण वर्षा की अनिश्चितता और अनियमितता है। राजस्थान का सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान सिरोही जिले का माउंट आबू है।

**138. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान का पहला मुख्यमंत्री रहा है जो मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के समय विधान सभा का सदस्य नहीं था?**

(a) भैरों सिंह शेखावत (b) बरकतुल्लाह खान

(c) अशोक गहलोत (d) जगन्नाथ पहाड़िया

**Ans. (a) :** भैरों सिंह शेखावत, एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, इन्होंने भारत के 11वें उपराष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। ये 1977 से 1998 तक तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री भी रहे। वह राजस्थान के पहले मुख्यमंत्री थे जो मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के समय विधान सभा के सदस्य नहीं थे। इन्हें वर्ष 2003 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

**139. मुख्यमंत्री बनने के लिए कितनी आयु आवश्यक है?**
(a) 25 वर्ष (b) 30 वर्ष
(c) 35 वर्ष (d) 18 वर्ष

**Ans. (a) :** मुख्यमंत्री, राज्य सरकार का मुखिया होता है। भारत के किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री बनने के लिये उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 25 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये, उसे भारत का नागरिक होना चाहिये और राज्य विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य होना चाहिये।

**140. राजस्थान लोकायुक्त और उप-लोकायुक्त अधिनियम को राष्ट्रपति की सहमति कब मिली थी?**
(a) 1983 (b) 1977
(c) 1973 (d) 1985

**Ans. (c) :** लोकायुक्त और उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 को राष्ट्रपति की सहमति से 3 फरवरी, 1973 को लागू किया गया था। इस अधिनियम के अंतर्गत मंत्रियों एवम् लोक सेवकों पर भ्रष्टाचार एवम् बेइमानी से संबंधित आरोपों की जाँच हेतु लोकायुक्त एवम् उप-लोकायुक्त नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है। न्यायमूर्ति आई.डी दुआ राजस्थान के पहले लोकायुक्त थे।

**141. अनुसूचित क्षेत्र अधिनियम-1996 का संबंध ___ से है?**
(a) शिक्षा
(b) पंचायत राज सशक्तिकरण
(c) सांस्कृतिक विकास
(d) आरक्षण क्षेत्र का विस्तार

**Ans. (b) :** अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम-1996 पंचायत राज अधिकारिता से संबंधित है। पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 या PESA भारत के अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिये पारंपरिक ग्राम सभाओं के माध्यम से स्व-शासन सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार द्वारा अधिनियमित एक कानून है।

**142. मनोटी कला कहाँ प्रसिद्ध है, जिसमें ऊँट के चमड़े से सजाया जाता है?**
(a) उदयपुर (b) जयपुर
(c) बीकानेर (d) जोधपुर

**Ans. (c) :** बीकानेर में ऊँट की खाल पर सुनहरी नक्काशी का चित्रण करना ही मनोटी कला कहलाती है। यह कला 'उस्त कला' के नाम से भी प्रसिद्ध है।

**143. ''चितेरों की ओवरी'' किससे संबंधित है?**
(a) आनंद कुमार स्वामी (b) जगत सिंह I
(c) जगत सिंह II (d) अमर सिंह I

**Ans. (b) :** चितेरों की ओवरी, राजस्थान के उदयपुर के राजमहल में बना एक कला विद्यालय था, इसकी स्थापना महाराणा जगत सिंह प्रथम ने की थी, इसे ''तस्वीरों रो कारखानों'' भी कहा जाता था। यह चित्रकारों को प्रशिक्षण देने के लिये बनाया गया था।

**144. दादू पंथ का मुख्य पीठ कहाँ स्थित है?**
(a) आमेर (b) नारायणा
(c) मंडोर (d) करौली

**Ans. (b) :** दादू दयाल (जन्म 1544 ई.- मृत्यु 1603ई.) हिन्दी के भक्तिकाल में ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख सन्त थे। इन्होंने एक निर्गुणवादी संप्रदाय की स्थापना की, जिसे दादू पंथ के नाम से जाना जाता है, इनका जन्म गुजरात के अहमदाबाद में हुआ था। दादूपंथ का मुख्य पीठ जयपुर के नारायणा में है। इनकें पंचतीर्थ कल्याणपुर, साँभर, आमेर, नारायणा और भैराणा है।

**145. धुलेव पर स्थित प्रसिद्ध मंदिर जैन तीर्थंकर को समर्पित है?**
(a) महावीर (b) पार्श्वनाथ
(c) शांतिनाथ (d) ऋषभदेव

**Ans. (d) :** उदयपुर जिले में धुलेव में स्थित ऋषभदेव मंदिर, जैन धर्म के पहले तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव को समर्पित है। स्थानीय लोग इसे कालिया बाबा भी कहते हैं, क्योंकि मूर्ति का रंग काला है। यह स्थान ऊँची अरावली पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ है और कुमारिका (कोयल) नदी के तट पर स्थित है।

**146. सालासर बालाजी मेला किस महीने में होता है?**
(a) वैशाख (b) सावन
(c) चैत्र (d) कार्तिक

**Ans. (c) :** सालासर बालाजी मंदिर, राजस्थान के चुरू जिले में स्थित है, यहाँ प्रत्येक वर्ष चैत्र पूर्णिमा और अश्विन पूर्णिमा पर मेले का आयोजन किया जाता है। यह मंदिर भगवान राम के भक्त हनुमान जी को समर्पित है।

**147. चित्तौड़गढ़ किले में कौन-सा जैन मंदिर है?**
(a) कुंभश्याम मंदिर (b) सत्विस देवरी
(c) समाधिश्वर मंदिर (d) तुलजा भवानी मंदिर

**Ans. (c) :** समाधिश्वर मंदिर, भारतीय राज्य राजस्थान के चित्तौड़गढ़ किले में स्थित एक हिन्दू मंदिर है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जिन्हें ''समाधिश्वर'' कहा जाता है अर्थात् ''समाधि का देवता'' इसका निर्माण 11वीं शताब्दी में किया गया था।

**148. श्री नाकोड़ा जैन तीर्थ का अन्य नाम क्या है?**
(a) भैरु तीर्थ (b) जैन नगर
(c) मेवानगर (d) पवित्रा नगर

**Ans. (c) :** नाकोड़ा तीर्थ भारत के प्रसिद्ध जैन मंदिरों में से एक है। यह भारतीय राज्य राजस्थान के बाड़मेर जिले के नाकोड़ा गाँव में स्थित है। इस मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति है, जो पद्मासन मुद्रा में स्थित है। राजस्थान राज्य सरकार के रिकॉर्ड में नाकोड़ा गाँव का नाम मेवानगर है।

**149. गींदड़ नृत्य किस राजस्थान क्षेत्र में प्रदर्शित होता है?**
(a) मेवाड़ (b) हाड़ोती
(c) बागड़ (d) शेखावटी

**Ans. (d) :** गीदड़ नृत्य राजस्थान के प्रसिद्ध लोकनृत्यों में से एक है। यह होली के अवसर पर किया जाने वाला शेखावटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है, इसे केवल पुरुषों द्वारा ही प्रस्तुत किया जाता है। यह नृत्य राजस्थान में समाज की एकता का प्रतीक है। इसमें नगाड़ा, ढ़ोल, डफ व चंग मुख्य वाद्ययंत्र है।

**150. सुंधा माता का मंदिर किस राज्य में स्थित है?**
(a) गुजरात (b) राजस्थान
(c) पंजाब (d) तमिलनाडु

**Ans. (b) :** सुंधा माता मंदिर, भारत के राजस्थान राज्य के जालौर जिले में स्थित एक प्राचीन मंदिर है, जो चामुंडा देवी का समर्पित है। यह अरावली पर्वत श्रृंखला में, 1220 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यह मंदिर गुजरात और राजस्थान के भक्तों के लिये महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है।

# राजस्थान पुलिस कान्स्टेबल भर्ती परीक्षा-2024
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**[13-06-2024]** **[Shift-K-2]**

**1. भ्रष्टाचार से अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का 3% खर्च करना पड़ता है जो शिक्षा पर खर्च की जाने वाली राशि के बराबर है। भ्रष्टाचार कम करने के लिए आप सरकार को क्या सुझाव देंगे?**

(a) मौजूदा कानूनों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनमें संशोधन करें।
(b) दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।
(c) सरकार को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बहुत कड़े कानून लागू करने चाहिए।
(d) प्रशासन में नीति और नैतिकता के स्तर को बढ़ानां

**Ans. (a) :** यदि भ्रष्टाचार से अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का 3 खर्च करना पड़ता है जो कि शिक्षा पर खर्च की जाने वाली राशि के बराबर है तो भ्रष्टाचार कम करने के लिए सरकार को मौजूदा कानूनों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनमें संशोधन करना चाहिए।

**2. विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के रूप में आपको पता चलता है कि अमेरिका द्वारा 500 मिलियन डॉलर के ऋण के लिए भारत के अनुरोध को मंजूरी देने की संभावना नहीं है। मंत्रालय द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है। आप क्या सुझाव देना चाहेंगे?**

(a) भारत को ऋण के लिए दूसरे देशों से संपर्क करना चाहिए।
(b) भारत निवारण के लिए विश्व बैंक से संपर्क कर सकता है।
(c) भारत को चाहिए कि ऋण देने के लिए अमेरिका को राजी करें।
(d) भारत को ऐसे मामले में वापस अपने संसाधनों पर निर्भर होने की कोशिश करनी चाहिए।

**Ans. (c) :** यदि विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के रूप में आपको पता चलता है कि अमेरिका द्वारा 500 मिलियन डॉलर के ऋण के लिए भारत के अनुरोध को मंजूरी देने की संभावना नहीं है तथा मंत्रालय द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है तो इस स्थिति में भारत को चाहिए कि ऋण देने के लिए अमेरिका को राजी करें।

**3. गश्त ड्यूटी के दौरान, आप महिला के प्रति छेड़खानी और शारीरिक छेड़छाड़ की घटना को देखते हैं। मोलेस्टर ऐसे एक राजनेता का बेटा है जो कानून का पालन करने वाला नागरिक और मेहनती विधायक है। आपको क्या करना चाहिए?**

(a) चूंकि छेड़छाड़ करने वाला स्थानीय विधायक का बेटा है, इसलिए आपने मामले को नजर अंदाज करने का फैसला किया।
(b) चूंकि विधायक कानून का पालन करने वाले हैं, इसलिए आपने चेतावनी के बाद उनके बेटे को जाने देने का फैसला किया।
(c) स्थल में जा कर लड़की की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद उस व्यक्ति से पूछताछ करके आगे की जांच करें
(d) आप अपने सीनियर को फोन करें और स्थिति समझाएं और उनसे पूछें कि क्या किया जाना चाहिए

**Ans. (c) :** गश्त के दौरान, आप महिला की प्रति छेड़खानी और शारीरिक छेड़छाड़ की घटना को देखते हैं। मोलेस्टर ऐसे एक राजनेता का बेटा है जो कानून का पालन करने वाला नागरिक और मेहनती विद्यायक है तो आपको स्थल में जा कर लड़की की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद उस व्यक्ति से पूछताछ करके आगे की जाँच करनी चाहिए।

**4. एक दवा जो कैंसर के कुछ रूपों के इलाज में बहुत प्रभावी है, वर्तमान में, केवल रेन्हू की छाल से प्राप्त की जा सकती है जो काफी दुर्लभ जंगली पेड़ है। दवा का एक पाउंड बनाने के लिए लगभग 5,000 पेड़ों की छाल लगती है। इसका मतलब है कि इस दवा का निरंतर उत्पादन अनिवार्य रूप से रेन्हू के विलुप्त होने की ओर ले जाएगा। निम्नलिखित में से कौन-सा, यदि सत्य है, तो उपरोक्त निष्कर्ष को सबसे गंभीर रूप से कमजोर करता है?**

(a) रेन्हू की छाल से बनी दवा एक केंद्रीय प्राधिकरण से डॉक्टरों को दी जाती है।
(b) रेन्हू आम तौर पर काफी हद तक दुर्गम स्थानों में बढ़ता है।
(c) रेन्हू छाल से बनी दवा का उत्पादन महंगा है।
(d) रेन्हू को कटिंग से प्रचारित किया जा सकता है और किसानों द्वारा खेती की जा सकती है।

**Ans. (d) :** प्रश्न में दिए गए निष्कर्ष को विकल्प (d) सबसे गंभीर रूप से कमजोर करता है।

**5. भारत के कई शहरी हिस्सों में आवास की लागत इतनी अधिक हो गई है कि औसत से अधिक वेतनवाले कई युवा जोड़े, केवल छोटे अपार्टमेंट ही खरीद सकते हैं। ईएमआई और किराए की प्रतिबद्धताएँ इतनी बड़ी हैं कि वे परिवार शुरू करने की संभावना पर विचार नहीं कर सकते हैं क्योंकि एक नया बच्चा का मतलब होगा कि माँ या पिता किसी एक को एक अच्छे वेतन वाले पद को छोड़ना पड़े, जो उनसे बर्दाश्त नहीं होगा। बाल देखभाल सुविधाओं की कमी या बड़ी लागत माता-पिता दोनों को वापस काम पर जाने में मजबूर करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा समायोजन व्यावहारिक रूप से ऊपर वर्णित स्थिति में किया जा सकता है जो युवा जोड़ों को अपने आवास की संभावनाओं में सुधार करने की अनुमति देगा?**

(a) दंपतियों को केवल एक बच्चा पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करें।
(b) युवा जोड़ों को रहने के लिए सस्ते क्षेत्रों में जाने के लिए प्रोत्साहित करें।
(c) दंपतियों को निःसंतान रहने के लिए प्रोत्साहित करें।
(d) इनमें से किसी का भी मौजूदा स्थिति पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

**Ans. (d) :** दिए गए प्रश्न के आधार पर किसी भी विकल्प का मौजूदा स्थिति पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

**6. शतरंज और ब्रिज जैसे पार्लर खेलों द्वारा कुछ हद तक खेलों के सिद्धांत का सुझाव दिया गया है। फ्रीडमैन इन खेलों की दो अलग-अलग विशेषताओं को दिखाता है। पहला पैसे के लिए खेले जाने वाले पार्लर खेल में, यदि कोई जीतता है तो दूसरा (दूसरे) हार जाता है (हार जाते हैं), दूसरा ये खेल एक रणनीति से जुड़े खेल हैं। शतरंज के खेल में, यह चुनते समय कि क्या कार्रवाई की जानी है, खिलाड़ी यह अनुमान लगाने की कोशिश करता है कि उसका प्रतिद्वंद्वी उसके द्वारा की जा सकने वाली विभिन्न कार्रवाइयों पर कैसी प्रतिक्रिया देगा। इसके विपरीत, कार्ड शगल, 'पेशेंस' या 'सॉलिटेयर' केवल मौके के अनूकूल खेला जाता है। निम्नलिखित में से किसे 'खेल' के रूप में सबसे अच्छा वर्णित किया जा सकता है?**

(a) तेनजिंग नोर्गे और एडमंड हिलेरी की टीम ने मानव इतिहास में पहली बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की।
(b) कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के बीच एक निर्णायक युद्ध।
(c) एक राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिता।
(d) तेल निर्यातक संघ विश्व तेल की कीमतों पर निर्णय लेता है, उन देशों की पूरी तरह से अवहेलना करता है जिनके पास सबसे कम तेल उत्पादन होता है।

**Ans. (c) :** दिए गए कथन के अनुसार, एक खेल के रूप में 'एक राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिता' को सबसे अच्छे तरह से वर्णित किया जा सकता है।

**7. दिशा-निर्देश : निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं और इन कथनों के बाद (I) और (II) से अंकित दो निष्कर्ष दिए गये हैं। आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष सामान्यतः ज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए दिए गए दो कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**

**कथन :**

**कुछ भेड़िये भालू हैं.**
**कुछ भालू शेर हैं.**

**निष्कर्ष :**

**I. सभी भेड़ियों के शेर होने की संभावना है।**
**II.कुछ शेर भेड़िये हैं।**

(a) यदि या तो (I) या (II) अनुसरण करता है।
(b) यदि केवल (I) निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(c) यदि केवल (II) निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(d) यदि न तो (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Ans. (b) :** कथनानुसार वेन आरेख निम्नवत् है-




निष्कर्ष I. ✓
II. ×

अतः केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**8. ''निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**
**(1) सभी कलाकार मनमौजी हैं।**
**(2) कुछ कलाकार ड्रग एडिक्ट होते हैं।**
**(3) निराश लोग ड्रग एडिक्ट बनने के लिए प्रवण होते हैं।**
**उपरोक्त तीन कथनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि**

(a) सभी निराश लोग ड्रग एडिक्ट हैं।
(b) कलाकार निराश हैं।
(c) कुछ ड्रग एडिक्ट मनमौजी हैं।
(d) मनमौजी लोग आम तौर पर निराश होते हैं।

**Ans. (c) :** दिए गए कथनों के आधार पर केवल विकल्प (c) कुछ ड्रग एडिक्ट मनमौजी है, सही है।

**9. दिशा-निर्देश : निम्नलिखित प्रश्न में चार कथन दिए गये हैं और इन कथनों के बाद (I), (II), (III) और (IV) से अंकित चार निष्कर्ष दिए गये हैं। आपको दिए गए चार कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष सामान्यतः ज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए दिए गए चार कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**

**कथन : सभी रॉकेट डंडे हैं। कुछ डंडे ट्राम हैं। कुछ ट्राम रस्सियाँ हैं। सभी रस्सियां तंबू हैं।**

**निष्कर्ष :**

**I. कुछ तंबू ट्राम हैं।**
**II. कुछ रस्सियाँ, रॉकेट हैं।**
**III. कुछ ट्राम रॉकेट हैं।**
**IV. कुछ डंडे रॉकेट हैं।**

(a) केवल (I) और (III) अनुसरण करते हैं।
(b) केवल (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
(c) केवल (I), (II) और (III) अनुसरण करते हैं।
(d) केवल (I) और (IV) अनुसरण करते हैं।

**Ans. (d) :** कथनानुसार, वेन आरेख निम्नवत् है-




निष्कर्ष (I). ✓
(II). ×
(III). ×
(IV). ✓

अतः केवल निष्कर्ष (I) और (IV) अनुसरण करता है।

**10.** ''**कथन :**

**कंपनी X ने कंपनी A द्वारा आपूर्ति किए गए मूल्यों के पहले लॉट को अस्वीकार कर दिया है और घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री और खराब शिल्प कौशल के उपयोग का हवाला देते हुए अपने पूरे विशाल ऑर्डर को रद्द कर दिया है।**

**कार्यवाहीः**

**I. कंपनी A को अपनी खरीद, उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण विभागों के कामकाज की जांच करने की आवश्यकता है।**

**II. कंपनी A को कंपनी X द्वारा अस्वीकार किए गए सभी वाल्वों का निरीक्षण करना चाहिए।**

**III. कंपनी A को कंपनी X को सूचित करना चाहिए कि आपूर्ति के कार्यक्रम में सुधार और पुनर्मूल्यांकन के लिए कदम उठाए गए हैं।**

(a) केवल (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
(b) केवल (II) अनुसरण करता है।
(c) (II) और या तो (I) या (III) अनुसरण करते हैं।
(d) (I), (II) और (III) सभी अनुसरण करते हैं।

**Ans. (a) :** दिए गए कथन के आधार पर कम्पनी A को अपनी खरीद, उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण विभागों के काम काज की जांच करने की आवश्यकता है तथा कम्पनी A को कम्पनी X द्वारा अस्वीकार किए गए सभी तत्वों का निरीक्षण करना चाहिए।
अतः केवल कार्यवाही (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

**11. कथन :**

**यदि संकाय सदस्य भी हड़ताल में शामिल हो जाते हैं, तो एक गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी।**

**कार्यवाही :**

**I. संकाय सदस्यों को हड़ताल पर न जाने के लिए राजी किया जाना चाहिए।**

**II. हड़ताल में शामिल होने वाले संकाय सदस्यों को निलंबित कर दिया जाना चाहिए।**

**III. प्रबंधन को ऐसी छोटी चीजों के बारे में चिंता नहीं करनी चाहिए।**

(a) केवल (I) अनुसरण करता है
(b) केवल (II) अनुसरण करता है।
(c) (II) और (III) दोनों सही हैं।
(d) कोई अनुसरण नहीं करता।

**Ans. (a) :** यदि संकाय सदस्य भी हड़ताल में शामिल हो जाते हैं, तो एक गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इस कथन को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही के रूप में संकाय सदस्यों को हड़ताल पर न जाने के लिए राजी करने का प्रयास करेंगें।
अतः केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**12. कथन :**

**कई स्कूल बसों में सुरक्षा दिशानिर्देशों का ठीक से पालन किए बिना सीएनजी किट लगाई गई है। शॉर्ट सर्किट के कारण इन बसों में आग लगने और स्कूली बच्चों के जीवन को खतरे में डालने की घटनाएँ सामने आई हैं।**

**कार्यवाही :**

**(I) क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को तुरंत सीएनजी किट के साथ फिट की गई सभी स्कूल बसों की जाँच करनी चाहिए।**

**(II) सभी स्कूलों के प्रबंधन को सीएनजी किट के साथ लगाई गई बसों को काम पर रखने से रोकना चाहिए।**

**(III) सरकार को सीएनजी किट के उपयोग के लिए स्कूल बसों पर प्रतिबंध लगाने वाली सूचना जारी करनी चाहिए।**

(a) केवल (I) अनुसरण करता है।
(b) केवल (II) अनुसरण करता है।
(c) केवल (III) अनुसरण करता है।
(d) (I) और (III) दोनों सही हैं।

**Ans. (a) :** यदि कई स्कूल बसों में सुरक्षा दिशानिर्देशों का ठीक से पालन नहीं किया जा रहा है तो क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को तुरंत सीएनजी किट के साथ फिट की गई सभी स्कूल बसों की जाँच करनी चाहिए।
अतः केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**13. निम्नलिखित कथनों की जांच कीजिए और सही उत्तर को चिन्हित कीजियेः**

**एक कॉलेज में पांच शौक क्लब हैं, फोटोग्राफी, नौकायन, शतरंज, इलेक्ट्रॉनिक्स और बागवानी। बागवानी समूह हर दूसरे दिन मिलता है, इलेक्ट्रॉनिक्स समूह हर तीसरे दिन मिलता है, शतरंज समूह हर चौथे दिन मिलता है, नौकायन समूह हर पांचवें दिन मिलता है और फोटोग्राफी समूह हर छठे दिन मिलता है। 180 दिनों के भीतर सभी पांच समूह एक ही दिन कितनी बार मिलते हैं।**

(a) 5 (b) 10
(c) 3 (d) 18

**Ans. (c):** बागवानी समूह प्रत्येक दूसरे दिन मिलता है, इलेक्ट्रॉनिक्स समूह प्रत्येक तीसरे दिन मिलता है, शतरंज समूह प्रत्येक चौथे दिन मिलता है, नौकायन समूह प्रत्येक पांचवें दिन मिलता है और फोटोग्राफी समूह प्रत्येक छठे दिन मिलता है।

2, 3, 4, 5 और 6 ल.स. 60

अतः 180 दिनों के भीतर सभी पांचों समूह दिन में मिलते हैं

$\frac{180}{60}$ 3 बार

**14.** **निम्नलिखित कथनों की जांच कीजिए और सही उत्तर को चिन्हित कीजिये :**

**जॉर्ज सोमवार को संगीत कक्षाओं में भाग लेता है। वह बुधवार को गणित की कक्षाओं में भाग लेता है। उसकी साहित्य की कक्षाएँ शुक्रवार को नहीं हैं। वह अपने गणित के दिन के अगले दिन इतिहास की कक्षाओं में भाग लेता है। मंगलवार को, वह अपनी खेल कक्षाओं में भाग लेता है। यदि वह एक दिन में सिर्फ एक विषय में उपस्थित होता है और उसका रविवार खाली होता है, तो वह और किस दिन खाली होता है।**

(a) गुरुवार (b) शनिवार

(c) सोमवार (d) शुक्रवार

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार,

| दिन | कक्षाएँ |
|---|---|
| सोमवार | संगीत |
| मंगलवार | खेल |
| बुधवार | गणित |
| गुरूवार | इतिहास |
| शुक्रवार | कोई कक्षा नहीं |
| शनिवार | साहित्य |
| रविवार | कोई कक्षा नहीं |

अतः जार्ज की कक्षा रविवार के अलावा शुक्रवार को भी नहीं होती है।

**15.** **सात पुरुष, A, B, C, D, E, F और G उसी क्रम में एक पंक्ति में खड़े हैं। प्रत्येक व्यक्ति ने बैंगनी, इंडिगो, नीला, हरा, पीला, नारंगी और लाल जैसे अलग-अलग रंग की टोपी पहनी है। D उसके सामने हरा और नीला देख सकता है, लेकिन बैंगनी नहीं। E बैंगनी और पीला देख सकता है, लेकिन लाल नहीं। G नारंगी के अलावा अन्य सभी रंगों की टोपी देख सकता है। यदि E ने इंडिगो रंग की टोपी पहनी है, तो F द्वारा पहनी गई टोपी का रंग क्या है?**

(a) बैंगनी (b) लाल

(c) नीला (d) नारंगी

**Ans. (b) :** व्यक्ति और टोपी के रंग का संभावित संयोजन निम्नवत् है-

| | |
|---|---|
| A | हरा/नीला/पीला |
| B | हरा/नीला/पीला |
| C | हरा/नीला/पीला |
| D | बैंगनी |
| E | इंडिगो |
| F | लाल |
| G | नारंगी |

अतः F द्वारा पहनी जाने वाली टोपी का रंग लाल है।

**16.** **निर्देश :**

**नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में, एक कथन और उसके बाद (I) और (II) से अंकित दो धारणाएँ दी गई हैं। धारणा या तो अनुमानित है या मान लिया हुआ है। आपके दिए गये कथन और उनके बाद दी गयी धारणाओं के आधार पर तय करना है कि कथन में निम्न में से कौन-सी धारणा अंतर्निहित है।**

**कथन :**

**कर्मचारियों को पूर्ण कार्य सौंपने से पहले उन्हें नौकरी से संबंधित पर्याप्त प्रशिक्षण दें।**

**धारणाएँ :**

**(I) प्रशिक्षण कर्मचारियों के प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद करता है।**

**(II) कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से पहले उनके पास कोई कौशल सेट नहीं है।**

(a) यदि केवल धारणा (I) निहित है।

(b) यदि केवल धारणा (II) निहित है।

(c) यदि या तो धरणा (I) या (II) निहित है।

(d) यदि न तो धारणा (I) और न ही (II) निहित है।

**Ans. (a) :** कर्मचारियों को पूर्ण कार्य सौंपने से पहले उन्हें नौकरी से सम्बन्धित पर्याप्त प्रशिक्षण देना चाहिए क्योंकि प्रशिक्षण कर्मचारियों के प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद करता है।
अतः केवल धारणा (a) निहित है।

**17.** **निर्देश :**

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।**

**अभिकथन (A) : ग्रेफाइट फ़िसलाऊ होता है और स्नेहक के रूप में उपयोग किया जाता है।**

**कारण (R) : ग्रेफाइट में मुक्त इलेक्ट्रॉन होते हैं।**

(a) यदि 'A' और 'R' दोनों सत्य हैं और 'R' 'A' का सही स्पष्टीकरण है।

(b) यदि 'A' और 'R' दोनों सत्य हैं लेकिन 'R' 'A' का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) यदि 'A' सत्य है लेकिन 'R' असत्य है।

(d) यदि 'A' असत्य है लेकिन 'R' सत्य है।

**Ans. (b) :** दिए गए अभिकथन ग्रेफाइट फिसलाऊ होता है और स्नेहक के रूप में उपयोग किया जाता है और कारण-ग्रेफाइट में मुक्त इलेक्ट्रॉन होते हैं। दोनों सत्य है लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**18.** **निर्देशः**

**महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय लेने में, 'मजबूत' तर्कों और 'कमजोर' तर्कों के बीच अंतर करने में सक्षम होना वांछनीय है। 'मजबूत' तर्क वे हैं जो महत्वपूर्ण और सीधे प्रश्न से संबंधित हैं। 'कमजोर' तर्क कम महत्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं भी हो सकते हैं या प्रश्न के नगण्य पहलू से संबंधित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क (I) और (II) दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कौन-सा तर्क 'मजबूत' तर्क है और कौन-सा 'कमजोर' तर्क है?**

**वक्तव्यः**

**क्या भारत में स्कूली शिक्षा मुफ्त में दी जानी चाहिए?**

**युक्तिः**

**(I) हाँ, साक्षरता के स्तर में सुधार करने का यही एकमात्र तरीका है।**

**(II) नहीं, इससे सरकारी खजाने पर पहले से भी भारी बोझ बढ़ जाएगा।**

(a) यदि केवल तर्क (I) मजबूत है।
(b) यदि केवल तर्क (II) मजबूत है।
(c) यदि या तो (I) या (II) मजबूत है।
(d) यदि न तो (I) और न ही (II) मजबूत है।

**Ans. (b) :** दिए गए वक्तव्य के अनुसार केवल तर्क (II) मजबूत है।

**19. दिशा-निर्देश : नीचे दिए गए दो कथनों को पढ़िए, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा कथन कारण है और कौन-सा प्रभाव है।**

**कथन (A) : अधिकांश छात्रों ने स्थानीय स्कूल छोड़ दिया क्योंकि स्कूल की इमारत जीर्ण-शीर्ण स्थिति में थी।**

**कथन (B) : स्कूल प्रशासन ने स्कूल को तुरंत बंद करने और शेष छात्रों को एक अस्थायी स्कूल में स्थानांतरित करने का फैसला किया।**

(a) यदि कथन (A) कारण है और कथन (B) इसका प्रभाव है।
(b) यदि कथन (B) कारण है और कथन (A) प्रभाव है।
(c) यदि दोनों कथन (A) और (B) स्वतंत्र कारण हैं।
(d) यदि दोनों कथन (A) और (B) स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

**Ans. (a) :** अधिकांश छात्रों ने स्थानीय स्कूल छोड़ दिया क्योंकि स्कूल की इमारत जीर्ण-शीर्ण स्थिति में थी इसी के कारण स्कूल प्रशासन ने स्कूल को तुरंत बंद करने और शेष छात्रों को एक अस्थायी स्कूल में स्थानांतरित करने का फैसला किया।
अतः कथन (A) कारण है और कथन (B) इसका प्रभाव है।

**20. दिशा-निर्देशः नीचे दिए गए दो कथनों को पढ़िए, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा कथन कारण है और कौन-सा प्रभाव है।**

**कथन ( A ) : विश्वव्यापी मंदी ने रोजगार बाजार में अनिश्चितता पैदा कर दी है।**

**कथन ( B ) : सूर्योदय के शानदार दृश्य का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग समुद्र तट के किनारे एकत्र हुए।**

(a) यदि कथन A कारण है और कथन B इसका प्रभाव है।
(b) यदि कथन B कारण है और कथन A इसका प्रभाव है।
(c) यदि दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।
(d) यदि दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

**Ans. (c) :** विश्वव्यापी मंदी ने रोजगार बाजार में अनिश्चितता पैदा कर दी है तथा सूर्योदय के शानदार दृश्य का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग समुद्र तट के किनारे एकत्र हुए। ये दोनों कथन स्वतन्त्र कारण है।

**21. A और B अलग-अलग कार्य करते हुए एक कार्य को 9 और 15 दिनों में कर सकते हैं। A से प्रारंभ करके यदि वे वैकल्पिक दिनों में काम करते हैं, तो काम कितने दिनों में पूरा हो जाएगा ?**

(a) 10दिन (b) 11दिन
(c) 9दिन (d) 12दिन

**Ans. (b) :**

A और B द्वारा दो दिन में किया गया कार्य 5+3 8 यूनिट

A और B द्वारा (2 5) 10 दिन में किया गया कार्य 8 5 40 यूनिट

शेष कार्य 45 – 40 5 यूनिट

∵ 11वें दिन कार्य को A द्वारा किया जाएगा।

A द्वारा 11वें दिन किया गया कार्य 5 यूनिट

अतः कार्य को पूरा होने में लगा समय 10+1 11 दिन

**22. दिनेश और राकेश एक असाइनमेंट पर काम कर रहे हैं, दिनेश कंप्यूटर पर 32 पेज टाइप करने में 6 घंटे लेता है, जबकि राकेश 40 पेज टाइप करने में 5 घंटे लेता है। दो अलग-अलग कंप्यूटरों पर एक साथ कार्य करने पर 110 पेज का एक असाइनमेंट टाइप करने के लिए वे कितना समय लेंगे?**

(a) 7 घंटे, 30 मिनट
(b) 8 घंटे
(c) 8 घंटे, 15 मिनट
(d) 8 घंटे, 25 मिनट

**Ans. (c) :** दिनेश की क्षमता $\frac{32}{6}$

राकेश की क्षमता $\frac{40}{5}$ 8

दिनेश और राकेश द्वारा 110 पेज असाइनमेंट टाइप करने में लगा समय $\frac{110}{\frac{32}{6} \quad 8}$

$= \frac{110 \quad 6}{80}$

= 8.25

= 8 घण्टे 15 मिनट

**23. दिए गए वैकल्पिक शब्दों से, उस शब्द का चयन करें जो दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके बनाया जा सकता है :**

**'DETERMINATION'**

(a) NATIONAL
(b) DECLARATION
(c) DEVIATION
(d) TERMINATED

**Ans. (d):** दिए गए शब्द 'DETERMINATION' से 'NATIONAL, DECLARATION और DEVIATION नहीं बनाए जा सकते क्योंकि दिए गए मूल शब्द में अक्षर L और V का अभाव है, जबकि शब्द 'TERMINATED' बनाया जा सकता है।

**24. दिए गए वैकल्पिक शब्दों से, उस शब्द का चयन करें जो दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता है:**

**EXORBITANT**

(a) EXPORT (b) BITTER
(c) EXTANT (d) EXNORA

**Ans. (a) :** दिए गए शब्द EXORBITANT के प्रयोग से शब्द 'EXPORT' नही बनाया जा सकता क्योंकि मूल शब्द में अक्षर 'P' का अभाव है।

**25. एक कंपनी कार्यालय स्थान के लिए प्रति माह 25000 रुपये का किराया देती है। लेकिन अगर कंपनी साल की शुरूआत में सालाना किराया देती है तो उसे कुल सालाना किराए पर 5% की छूट मिलती है। छूट के बाद कंपनी कितनी वार्षिक राशि का भुगतान करती है?**

(a) ₹ 275000 (b) ₹ 285000
(c) ₹ 295000 (d) ₹ 300000

**Ans. (b) :** प्रतिमाह किराया = ₹ 25000

सालाना किराया = 25000×12 = 3,00000

छूट = 5%

छूट के बाद वार्षिक भुगतान $300000 \quad \frac{95}{100}$

= ₹285000

**26. इसे हल करें : (405 का 0.85%) + (550 का 2.25%) = ?**

(a) 13.8175 (b) 14.7125
(c) 16.7125 (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (d) :** (405 का 0.85%) + (550 का 2.25%) = ?

$405 \quad \frac{0.85}{100} \quad 550 \quad \frac{2.25}{100} \quad ?$

= 3.4425 + 12.375
= 15.8175

**27. 700 से 1000 तक की सभी संख्याओं को लिखते समय, ऐसी कितनी संख्याएँ आती हैं जिनमें पहला अंक दूसरे अंक से बड़ा होता है, और दूसरा अंक तीसरे अंक से बड़ा होता है?**

(a) 61 (b) 64
(c) 78 (d) 85

**Ans. (d) :** (i) 700 से 800 तक जहाँ सैकड़े का अंक दहाई के अंक से अधिक है = 21

(ii) 801 से 900 तक संख्या जहाँ सैकड़े का अंक दहाई के अंक से अधिक है = 28

(iii) 901 से 1000 तक जहाँ सैकड़े का अंक दहाई के अंक से अधिक है = 36

अतः कुल 700 से 1000 तक अभीष्ट संख्या 21+28+36
= 85

**28. 10531 + 4813 –728 = ? × 87**

(a) 168 (b) 172
(c) 186 (d) 212

**Ans. (a) :** 10531 + 4813 – 728 = ? × 87

15344 – 728 = ? × 87

14616 = ? × 87

$? \quad \frac{14616}{87} \quad 168$

**29. बस स्टैंड से हर 30 मिनट में दिल्ली के लिए एक बस निकलती है। पूछताछ लिपिक राम ने यात्री श्यामलाल को बताया कि बस 10 मिनट पहले ही रवाना हो चुकी है और अगली बस सुबह 9:35 बजे रवाना होगी। पूछताछ लिपिक ने श्यामलाल को यह जानकारी कितने बजे दी?**

(a) 9 : 20 a.m (b) 9 : 15 a.m
(c) 9 : 05 a.m (d) 9 : 10 a.m

**Ans. (b) :** पूछताछ लिपिक द्वारा श्यामलाल को दी गई जानकारी का समय 9:35 – 00:30+00:10

= 9:15 a.m.

**30. एक घड़ी एक घंटे में 5 मिनट आगे चलती है। तो 1 घंटे में मिनट सुई द्वारा तय किया गया कोण डिग्री में क्या होगा?**

(a) 360 डिग्री (b) 390 डिग्री
(c) 395 डिग्री (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** घड़ी की सूई द्वारा एक मिनट में बनाया गया कोण = 6°

प्रश्नानुसार,

1 घंटे में बनाया गया कोण = (60 + 5) 6°

= 65 6°

= 390°

**31. एक ट्रेन एक निश्चित दूरी को समान गति से तय करती है। यदि ट्रेन की गति 6 किमी/घंटा अधिक होती, तो इसे निर्धारित समय से 4 घंटे कम समय लगता और, यदि ट्रेन 6 किमी/घंटा धीमी होती, तो ट्रेन निर्धारित समय से 6 घंटे अधिक समय लेती। यात्रा की दूरी क्या है:**

(a) 700 किमी (b) 720 किमी
(c) 740 किमी (d) 760 किमी

**Ans. (b) :** माना सामान्य समय t एवं चाल v है।

प्रथम शर्तानुसार,

$(v + 6)(t – 4) = vt$

$vt – 4v + 6t – 24 = vt$

$4v – 6t + 24 = 0$ .......(i)

द्वितीय शर्तानुसार,

$(v – 6)(t + 6) = vt$

$vt + 6v – 6t – 36 = vt$

$6v – 6t – 36 = 0$ .......(ii)

समी. (ii) में समी. (i) को घटाने पर-

$2v - 60 = 0$

$v = 30$ km/h

v का मान समी. (i) में रखने पर-

$4 \times 30 - 6t + 24 = 0$

$6t = 144$

$t = 24$ घंटे

अतः यात्रा की दूरी $vt = 30 \times 24 = 720$ किमी.

**32. पश्चिम एक्सप्रेस 60 किमी प्रति घंटे की गति से दिल्ली से 14:30 बजे मुंबई के लिए रवाना हुई और अगस्त क्रांति एक्सप्रेस उसी दिन 16:30 बजे 80 किमी प्रति घंटे की गति से दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना हुई। दिल्ली से कितनी दूरी पर दोनों ट्रेने मिलेंगी (ठहराव को छोड़कर)?**

(a) 120 किमी. (b) 360 किमी.

(c) 480 किमी. (d) 500 किमी.

**Ans. (c) :** पश्चिम एक्सप्रेस द्वारा 2 घंटे में तय की गई

दूरी $= 60 \times 2 = 120$ km

सापेक्ष चाल $= 80 - 60 = 20$ km/h

दोनों ट्रेनों को 120 km की दूरी तय करने में लगा समय

$\frac{120}{20}$ 6 घंटे

दिल्ली से दोनों ट्रेनों के मिलने की दूरी $= 80 \times 6 = 480$ km

**33. A और B के वेतन का योग 2100 रुपये है। A अपने वेतन का 80% खर्च करता है और B अपने वेतन का 70% खर्च करता है। यदि उनकी बचत 4:3 के अनुपात में है, तो A का वेतन क्या है?**

(a) ₹ 700 (b) ₹ 900

(c) ₹ 1200 (d) ₹ 1400

**Ans. (d) :** माना A का बचत 4x तथा B का बचत 3x है।

प्रश्नानुसार,

A का बचत 20 4x

A का वेतन 100 20x

B का बचत 30 3x

B का वेतन 100 10x

पुनः प्रश्नानुसार,

$20x + 10x = 2100$

$30x = 2100$

$x = 70$

A का वेतन $20x = 20 \times 70 = 1400$

**34. 1740 रुपये को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A का 0.5 = B का 0.6 = C का 0.75 तो C को मिलेगा = ?**

(a) ₹ 580 (b) ₹ 696

(c) ₹ 348 (d) ₹ 464

**Ans. (d) :** A का 0.5 = B का 0.6 = C का 0.75

$\frac{A}{B}$ $\frac{0.6}{0.5}$ $\frac{B}{C}$ $\frac{0.75}{0.6}$

A:B = 6:5 B:C = 5:4

A : B = 6 : 5

B : C = 5 : 4

A : B : C = 30 : 25 : 20

= 6 : 5 : 4

C का हिस्सा $\frac{4}{6 \quad 5 \quad 4}$ 1740 = ₹464

**35. यदि एक वस्तु को 390 रुपये में बेचने पर एक दुकानदार को 20% का लाभ होता है, तो लागत क्या है?**

(a) ₹ 370 (b) ₹ 325

(c) ₹ 350 (d) ₹ 300

**Ans. (b) :** माना लागत मूल्य = ₹ x

प्रश्नानुसार,

x $\frac{120}{100}$ 390

x $\frac{390 \quad 100}{120}$

x $\frac{3900}{12}$ 325

अतः लागत मूल्य = ₹ 325

**36. एक दुकानदार ने 3000 रुपये में 50 दर्जन कप खरीदे। इनमें से 60 कप टूटे हुए थे और बेचे नहीं जा सके। 20% का लाभ प्राप्त करने के लिए उसे शेष कप को प्रति दर्जन किस दर पर बेचना चाहिए?**

(a) ₹ 60 (b) ₹ 75

(c) ₹ 80 (d) ₹ 90

**Ans. (c) :** 1 दर्जन कप का क्रय मूल्य $\frac{3000}{50}$ = ₹ 60

20 लाभ प्राप्त करने के लिए विक्रय मूल्य 3000 $\frac{120}{100}$

= ₹3600

टूटने के बाद शेष कप 50 दर्जन $- \frac{60}{12}$ दर्जन

45 दर्जन

प्रति दर्जन अभीष्ट मूल्य $\frac{3600}{45}$ = ₹80

**37. निम्नलिखित संख्याओं से 8 वाली दो अंकीय संख्याओं के कितने संयोजन बनाए जा सकते हैं?**

**8, 5, 2, 1, 7, 6**

(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

**Ans. (c) :** 8 अंकों वाली दो अंकीय संख्याओं का संयोजन = 85, 82, 81, 87, 86, 68, 78, 18, 28, 58, 88 11

**38. एक क्षैतिज पंक्ति में 25 लड़के हैं। राहुल को दाहिनी ओर तीन स्थान अंतरित किया गया और अब वह पंक्ति में मध्य स्थान पर हैं। पंक्ति के बाएँ छोर से उसका मूल स्थान क्या है?**

(a) 15वीं (b) 16वीं
(c) 12वीं (d) 10वीं

**Ans. (d) :** स्थान परिवर्तन के बाद राहुल का स्थान मध्य 13वाँ

पंक्ति के बाएँ छोर से उसका मूल स्थान 13वाँ – 3
= 10वाँ

**39. एक कारखाने के श्रमिकों की कुल साप्ताहिक परिलब्धियाँ 1534 रुपये हैं। एक कर्मचारी की औसत साप्ताहिक परिलब्धि 118 रुपये है। कारखाने में श्रमिकों की संख्या क्या है :**

(a) 16 (b) 14
(c) 13 (d) 12

**Ans. (c) :** कुल साप्ताहिक परिलब्धियाँ 1534

1 कर्मचारी की औसत साप्ताहिक परिलब्धि 118

श्रमिकों की संख्या ?

प्रश्नानुसार,

श्रमिकों की संख्या औसत सा. परिलब्धि कुल सा. परिलब्धियाँ

श्रमिकों की संख्या $\frac{1534}{118}$ 13

**40. 50 संख्याओं का औसत 38 है। यदि दो संख्याओं, अर्थात् 45 और 55 को छोड़ दिया जाता है, तो शेष संख्याओं का औसत _____ है।**

(a) 37.5 (b) 37.9
(c) 36.5 (d) 37.0

**Ans. (a) :** 50 संख्याओं का योग 50 38
= 1900

45 और 55 को निकालने पर संख्या का योग = 1900 – (45+55)
= 1800

शेष संख्याओं का औसत $\frac{1800}{48}$ 37.5

**41. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्टोरेज (Primary Storage) डिवाइस के रूप में उपयोग होता है?**

(a) मैग्नेटिक ड्रम (b) हार्ड डिस्क
(c) फ़्लॉपी (d) रैम

**Ans. (d) :** प्राथमिक मेमोरी वे उपकरण हैं जो कम्प्यूटर चलने के दौरान कुछ समय के लिये मेमोरी संग्रहीत करते हैं, इसे मुख्य मेमोरी भी कहते हैं, रैम (RAM), कैश मेमोरी प्राथमिक मेमोरी के उदारहण हैं। द्वितीयक मेमोरी बाह्य मेमोरी या सहायक मेमोरी के रूप में भी जाना जाता है। द्वितीयक मेमोरी कम्प्यूटर के बन्द होने पर भी डेटा को स्थायी रूप से संग्रहीत रखता है, कम्पैक्ट डिस्क, हार्ड डिस्क ड्राइव, यूएसबी फ्लैश ड्राइव आदि सेकेण्डरी मेमोरी के उदाहरण है।

**42. एक नॉन-इरेसेबल डिस्क जो डिजिटाइज की गई ऑडियो जानकारी को संग्रहित करती है, वह है_____**

(a) सीडी-रोम (b) सीडी–आरडब्ल्यू
(c) फ्लैश ड्राइव (d) डीवीडी–आरडब्ल्यू

**Ans. (a) :** सीडी-रोम (CD-ROM) या कम्पैक्ट डिस्क रीड-ओनली मेमोरी कम्प्यूटर में चित्र, आडियो एवं वीडियो फाइलों में डाटा को संग्रहीत करती है। इसका उपयोग सामान्यतः गेम एप्लिकेशन या मल्टीमीडिया सामाग्री जैसे अधिक मात्रा में डेटा संग्रहीत करने के लिये किया जाता है।

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर नहीं है?**

(a) अवस्त (b) लिनक्स
(c) नॉर्टन (d) कैस्परस्की

**Ans. (b) :** एंटीवायरस साफ्टवेयर एक सुरक्षा प्रोग्राम है जिसे कम्प्यूटर, नेटवर्क और अन्य उपकरणों को वायरस एवं अन्य प्रकार के मैलवेयर को रोकने, पता लगाने और हटाने के लिये डिजाइन किया जाता है, अवस्त, नॉर्टन और कैस्परस्की एन्टीवायरस साफ्टवेयर हैं। लिनक्स (linux) एक कम्प्यूटर आपरेटिंग सिस्टम है। इसका उपयोग सुपर कम्प्यूटर, स्मार्टफोन, वायरलेस राउटर आदि में किया जाता है।

**44. विंडोज़ 95, विंडोज़ 98, और विंडोज़ NT को क्या कहा जाता है?**

(a) प्रोसेसर (b) डोमेन नाम
(c) मोडेम (d) ऑपरेटिंग सिस्टम

**Ans. (d) :** आपरेटिंग सिस्टम वह प्रोग्राम है जिसे बूट प्रोग्राम द्वारा कम्प्यूटर में लोड किये जाने के बाद, कम्प्यूटर में अन्य सभी अनुप्रयोग प्रोग्रामों का प्रबन्धन करता है। विंडोज 95, विंडोज 98, विंडोज NT, माइक्रोसाफ्ट विंडोज, लिनक्स, एंड्रॉयड आदि सॉफ्टवेयर के उदारहण हैं। हार्डवेयर कम्प्यूटर के मूर्त घटकों को सन्दर्भित करता है, मॉनीटर, माउस, कीबोर्ड, मदरबोर्ड, स्पीकर आदि कम्प्यूटर के हार्डवेयर घटक हैं।

**45. 1 योटाबाइट = _____**

(a) 1024 TB (b) 1024 EB
(c) 1024 ZB (d) 1024 PB

**Ans. (c) :** 1024 बाइट्स = 1 किलोबाइट
1024 किलोबाइट = 1 मेगाबाइट
1024 मेगाबाइट = 1 गीगाबाइट
1024 गीगाबाइट = 1 टेराबाइट
1024 टेराबाइट = 1 पेन्टाबाइट
1024 जेट्टाबाइट = 1 योटाबाइट

**46. बैबेज ने एनालिटिकल इंजन की कल्पना कब की थी?**

(a) 1642 (b) 1837
(c) 1880 (d) 1850

**Ans. (b) :** बैबेज ने एनालिटिकल इंजन की कल्पना 1837 में की थी। एनालिटिकल इंजन का प्रयोग गणितीय कार्य के लिये किया जाता है।

**47. बाइनरी लैंग्वेज में वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर, प्रत्येक विशेष वर्ण (Special Character)_____ का एक अनोखा संयोजन बनता है।**

(a) आठ बाइट्स (8 Bytes)
(b) आठ किलोबाइट (8 kilobyte)
(c) आठ वर्ण (8 Character)
(d) आठ बिट्स (8 Bits)

**Ans. (d) :** बाइनरी लैंग्वेज में वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर, प्रत्येक संख्या और प्रत्येक विशेष वर्ण 8 बिट्स (8 Bits) के अद्वितीय संयोजन से बना है।

**48. आज की कंप्यूटर की बहुत बड़ी कंपनी आईबीएम को पहले अलग नाम से जाना जाता था जिसे 1924 में बदल दिया गया था? वह नाम क्या था?**

(a) टैब्यूलेटर मशीन कंपनी
(b) कम्प्यूटिंग टैबुलेटिंग रिकॉर्डिंग कंपनी
(c) दी टैब्यूलेटर लितिटेड।
(d) इंटरनेशनल कंप्यूटर लिमिटेड

**Ans. (b) :** आईबीएम (IBM) कम्पनी साफ्टेवयर और हार्डवेयर से सम्बन्धित उत्पाद बनाती है जिसमें कम्प्यूटर, सर्वर, स्टोरेज सिस्टम और नेटवर्किंग उपकरण शामिल है। इसकी स्थापना चार्ल्स रैनलेट फ्लिंट और थॉमस जॉन वाटसन ने 1911 में की थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क, अमेरिका में है। पहले इसे कम्प्यूटिंग टैबुलेटिंग रिकार्डिंग कम्पनी के नाम से जाना जाता था, 1924 में इसका नाम बदलकर आईबीएम (International Business Machines) कर दिया गया है।

**49. पैल्मटॉप कंप्यूटर को क्या कहा जाता है?**

(a) पर्सनल कंप्यूटर (b) नोटबुक कंप्यूटर
(c) टेबलेट पी. सी. (d) पॉकेट कंप्यूटर

**Ans. (d) :** पैल्मटॉप कम्प्यूटर को 'पॉकेट कम्प्यूटर' के नाम से भी जाना जाता है, इन्हें मूल रूप से व्यक्तिगत प्रयोग के लिये डिजाइन किया गया है, इसे आसानी से इधर-उधर ले जाया जा सकता है।

**50. डेटा और इंस्ट्रक्शन्स को आसानी से उपलब्ध बनाने के लिए इन्हें सहेजना किसका कार्य है _____**

(a) स्टोरेज यूनिट (b) कैश यूनिट
(c) इनपुट यूनिट (d) आउटपुट यूनिट

**Ans. (a) :** स्टोरेज यूनिट डेटा और इंस्ट्रक्शन को आसानी से उपलब्ध कराने एवं संरक्षित करने के लिये किया जाता है। यूनिटी स्टोरेज वीएम वेयर, माइक्रोसाफ्ट और ओपनस्टैक के साथ एकीकृत होता है।

**51. चार्ल्स बैबेज द्वारा डिजाइन किए गए पहले मैकेनिकल कंप्यूटर का नाम क्या था?**

(a) सुपर कंप्यूटर (b) अबेकस
(c) कैलकुलेटर (d) एनालिटिकल इंजन

**Ans. (d) :** चार्ल्स बैबेज द्वारा डिजाइन किये गये पहले मैकेनिकल कम्प्यूटर का नाम एनालिटिकल इंजन था। इस इंजन का प्रयोग गणितीय कार्य के लिये किया जाता था।

**52. एक साथ एकीकृत फ़्लॉप के सेट को _____ कहा जाता है**

(a) काउंटर (b) एडर
(c) रजिस्टर (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** एक साथ एकीकृत फ्लिप फ्लॉप के सेट को रजिस्टर कहा जाता है। रजिस्टर कम्प्यूटर के CPU या पोर्ट में एक अस्थायी भंडारण स्थान है, जो CPU के तुरन्त उपयोग के लिये डेटा रखता है, रजिस्टरों को मेमोरी रजिस्टर के रूप में भी जाना जाता है।

**53. इंटरनेट पर कौन-सी सेवा एक उपयोगकर्ता को कहीं से दूसरे कंप्यूटर में लॉग-इन करने की अनुमति देती है?**

(a) ईमेल (b) यूज़नेट
(c) टेलनेट (d) एफ़टीपी

**Ans. (c) :** इन्टरनेट पर टेलनेट सेवा एक उपयोगकर्ता को कहीं से दूसरे कम्प्यूटर में लॉग-इन करने की अनुमति देती है। टेलनेट एक स्थानीय डिवाइस को रिमोट डिवाइस से जोड़ने के लिये क्लाइंट-सर्वर मॉडल का उपयोग करता है। टेलनेट का विकास 1969 में हुआ था।

**54. भारत में पहला एनालॉग कंप्यूटर किसने डिज़ाइन किया था?**

(a) समरेंद्र कुमार मित्रा (b) देब कुमार बोस
(c) सुबोध चंद्र दास गुप्ता (d) बिमल कुमार भट्टाचार्य

**Ans. (a) :** भारत का पहला स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक एनालॉग कम्प्यूटर समरेन्द्र कुमार मित्रा द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया था। इसे 1953-1954 में बनाया गया था। भारत का पहला सुपर कम्प्यूटर 'परम' था जिसे 1991 में तैयार किया गया था।

**55. कंप्यूटर कीपैड में टैब-की (Tab-Key) का उपयोग क्या हैं?**

(a) कर्सर को स्क्रीन पर ले जाने के लिए
(b) एक पैराग्राफ को इंडेंट करने के लिए
(c) कर्सर को स्क्रीन के नीचे ले जाने के लिए
(d) कर्सर को स्क्रीन पर ले जाने के लिए और एक पैराग्राफ को इंडेंट करने के लिए

**Ans. (d) :** कम्प्यूटर की-पैड में टैब का उपयोग कर्सर को स्क्रीन पर ले जाने के लिये और एक पैराग्राफ को इंडेंट करने के लिये किया जाता है। कीपैड एक इनपुट डिवाइस है।

**56. वायु यातायात और राष्ट्रीय सुरक्षा के रडार को नियंत्रित करने के लिए कौन-से प्रकार के कंप्यूटर का उपयोग किया जाता है?**

(a) पर्सनल कम्प्यूटर (b) एनालॉग कंप्यूटर
(c) हाइब्रिड कंप्यूटर (d) डिजिटल कंप्यूटर

**Ans. (c) :** हाइब्रिड कम्प्यूटर वे कम्प्यूटर होते हैं जो एनालॉग कम्प्यूटर और डिजिटल कम्प्यूटर की विशेषतायें प्रदर्शित करते हैं। अल्ट्रासाउंड मशीन, मॉनिटरिंग मशीन, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम मशीन आदि हाइब्रिड कम्प्यूटर के उदाहरण है। वायु यातायात और राष्ट्रीय सुरक्षा के रडार को नियंत्रित करने के लिये हाइब्रिड कम्प्यूटर का प्रयोग किया जाता है।

**57. पायथन एक _____ है?**

(a) हाइ लेवल लैंग्वेज (b) असेंबली लैंग्वेज
(c) लो लेवल लैंग्वेज (d) मशीन लैंग्वेज

**Ans. (a) :** कम्प्यूटर लैंग्वेज या प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, कम्प्यूटर को निर्देश देने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली कृत्रिम भाषाओं का समूह है। फोरट्रान कम्प्यूटर की पहली भाषा थी। कम्प्यूटर में लैंग्वेज को दो भागों में विभाजित किया गया है– 1. लो-लेवल लैंग्वेज 2. हाईलेवल लैंग्वेज।

C, C++, जावा, पायथन, पास्कल, पीएचपी आदि हाई-लेवल लैंग्वेज है।

**58. निम्नलिखित में से स्टोरेज मीडिया के रूप में CD-ROM के लाभ क्या है?**

(a) सीडी-रोम बड़ी मात्रा में डेटा और इन्फॉर्मेशन को संग्रहीत करने का एक सस्ता तरीका है।
(b) सीडी-रोम डेटा और इन्फॉर्मेशन को मैग्नेटिक डिस्क से अधिक तेज़ी से प्राप्त करता है।
(c) सीडी-रोम मैग्नेटिक मीडिया की तुलना में कम त्रुटियां होता है।
(d) दिए गए सभी

**Ans. (a) :** CD-ROM से आशय कॉम्पैक्ट डिस्क-रीड ओनली मेमोरी है, इसे केवल पढ़ा जा सकता है, लिखा नहीं जा सकता है। CD-ROM का उपयोग अधिक मात्रा में डेटा और इन्फार्मेशन तथा एप्लीकेशन, गेम या मल्टीमीडिया सामाग्री को संग्रहीत करने के लिये किया जाता है।

**59. मेमोरी और स्टोरेज का अंतर यह है कि मेमोरी _____ है और स्टोरेज _____ है।**

(a) अस्थायी, स्थायी (b) स्थायी, अस्थायी
(c) धीमी, तेज (d) दिया हुआ सभी

**Ans. (a) :** मेमोरी और स्टोरेज के बीच का मुख्य अन्तर यह है कि मेमोरी का उपयोग डेटा को अस्थायी रूप से संग्रहीत करने के लिये किया जाता है, जबकि स्टोरेज का उपयोग डेटा को स्थायी रूप से संग्रहीत करने के लिये किया जाता है। कम्प्यूटर को बंद करने पर मेमोरी साफ हो जाती है। स्टोरेज में दस्तावेज, एप्लीकेशन एवं आपरेटिंग सिस्टम जैसी फाइलों को स्थायी रूप से संरक्षित रख सकते हैं।

**60. सीपीयू का पूरा नाम क्या है?**

(a) कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट
(b) कंप्यूटर प्रिंसिपिल यूनिट
(c) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट
(d) कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट

**Ans. (c) :** सीपीयू का पूरा नाम Central Processing unit है, इसे कम्प्यूटर का मस्तिष्क भी कहा जाता है। सीपीयू सेंसर नोड माइक्रोप्रोसेसर के सभी संचालन के प्रबन्धन के लिये जिम्मेदार है। सीपीयू के तीन मुख्य भाग होते हैं– एएलयू, सीयू, मेमोरी यूनिट। एएलयू द्वारा गणितीय क्रियाएँ सम्पन्न होती हैं।

**61. निम्नलिखित देशों में से कौन ने ''वन बेल्ट वन रोड'' के नाम से एक बड़े आर्थिक विकास परियोजना की शुरुआत की?**

(a) लाओस (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) चीन (d) जर्मनी

**Ans. (c) :** चीन द्वारा 'वन बेल्ट वन रोड' परियोजना की शुरुआत की गयी है। इसे राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा 2013 में शुरू किया गया था। चीन द्वारा एशिया और यूरोप को सड़क द्वारा जोड़ने की योजना है।

**62. अम्ल वर्षा क्या है जो मुख्य रूप से वायुमंडल में _____ के उत्सर्जन के कारण होती है?**

(a) सल्फर डाइऑक्साइड और पोटैशियम नाइट्रेट
(b) सल्फर और लकड़ी का कोयला
(c) नाइट्रोजन ऑक्साइड और पोटैशियम नाइट्रेट
(d) सल्फर डाइ ऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड

**Ans. (d) :** जब वर्षा के जल का pH मान 5.6 से कम हो जाता है तो अम्लीय वर्षा कहलाती है। सल्फर डाइआक्साइड ($SO_2$) और नाइट्रोजन आक्साइड (NO) वायुमण्डल में जल तथा ऑक्सीजन के साथ क्रिया करते हैं तो वे क्रमशः सल्फ्यूरिक अम्ल ($H_2SO_4$) एवं नाइट्रिक अम्ल ($HNO_3$) बनाते हैं, ये अम्ल फिर जल की बूंदों में घुल जाते हैं, जिससे अम्ल वर्षा, बर्फ या कोहरा बनता है।

**63. ग्रैनाइट किस प्रकार का _____ रॉक है।**

(a) आग्नेय (Igneous)
(b) अवसादी (Sedimentary)
(c) रूपांतरित (Metamorphic)
(d) क्रिस्टल (Crystal)

**Ans. (a) :** ग्रेनाइट आग्नेय (Igneous) चट्टान से बनती है। आग्नेय चट्टान तब बनती है जब मैग्मा ठंडा होकर जम जाता है। ग्रेनाइट अनेक रंगो में भी पाया जाता है, पोटाश ग्रेनाइट गुलाबी या लाल रंग का होता है तथा चूना ग्रेनाइट धूसर या श्वेत रंग का होता है।

**64. कोविड-19 ----- के कारण होता है।**

(a) फंगस (b) वायरस
(c) जीवाणु (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** कोविड-19, इन्फ्लुएंजा, एड्स, खसरा, डेंगू, सामान्य सर्दी आदि वायरस जनित रोग हैं, जबकि टायफाइड, हैजा, क्षय रोग, एन्थ्रेक्स आदि जीवाणु जनित रोग है।

**65. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी किस देश में पाए जाते हैं?**

(a) इंडोनेशिया (b) मालदीव
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) मैक्सिको

**Ans.** (a) **:** ज्वालामुखी वह घटना है जहाँ ठोस, तरल पदार्थ, गैसें और उनके मिश्रण एक ठोस सतह वाले खगोलीय पिंड की सतह पर प्रस्फुटित होते हैं। ज्वालामुखी आमतौर पर टेक्टोनिक प्लेटों के उतार-चढ़ाव के कारण तथा पृथ्वी के केन्द्र से निकलने वाली ऊर्जा एवं गर्मी के कारण भी उत्पन्न होती है। दुनियाँ में सबसे अधिक ज्वालामुखी इंडोनेशिया में आता है, यहाँ सबसे ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी है। विश्व के अधिकतर सक्रिय ज्वालामुखी प्रशान्त महासागर के आस-पास 'रिंग आफ फायर' में स्थित है।

**66. विश्व का सबसे ऊँचा झरना ''एंजेल फॉल्स'' किस देश में स्थित है?**

(a) अर्जेंटीना (b) कनाडा
(c) रूस (d) वेनेजुएला

**Ans.** (d) **:** विश्व का सबसे ऊँजा झरना 'एन्जेल फॉल्स' वेनेजुएला में स्थित है, इसका झरने की ऊँचाई 979 मीटर है। यह जलप्रपात चुरुन नदी पर स्थित है जो कैरोनी नदी की सहायक नदी है।

**67. छोटे रंगीन कांच, संगमरमर, और अन्य सामग्रियों के टुकड़ो से पैटर्न और चित्र बनाने की कला को क्या कहा जाता है?**

(a) मौज़ेक (Mosaic)
(b) ऐक्रेलिक पेंटिंग (Acrylic painting)
(c) फ्रेस्को (Fresco)
(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans.** (a) **:** छोटे रंगीन कांच, संगमरमर और अन्य सामाग्रियों के टुकड़ो से पैटर्न और चित्र बनाने की कला को मौजेक (Mosaic) कहा जाता है। मौज़ेक का उपयोग अक्सर फर्श और दीवार की सजावट के रूप में किया जाता है। एक्रेलिक पेंटिंग सिंथेटिक ऐक्रेलिक रेजिन के माध्यम से की गयी पेंटिंग है।

**68. पृथ्वी की भूमि कितने महाद्वीपों में विभाजित है?**

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**Ans.** (c) **:** पृथ्वी को 7 महाद्वीपों में विभाजित किया गया है, ये महाद्वीप हैं– एशिया, अफ्रीका, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका। एशिया सबसे बड़ा महाद्वीप है जबकि आस्ट्रेलिया सबसे छोटा महाद्वीप है। अफ्रीका महाद्वीप में देशों की संख्या सबसे ज्यादा है।

**69. प्लैनेट मार्स के वायुमंडल में अधिकतम रूप से शामिल _____ है?**

(a) हाइड्रोजन (b) क्लोरीन
(c) नाइट्रोजन (d) कार्बन डाई ऑक्साइड

**Ans.** (d) **:** मंगल ग्रह एक ठंडा, चट्टानी ग्रह है जो सूर्य से क्रम के आधर पर चौथा ग्रह है। मंगल ग्रह को 'लाल ग्रह' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इसकी मिट्टी में आयरन अधिक मात्रा में पाया जाता है। मंगल ग्रह के वायुमंडल में कार्बन डाइआक्साइड, नाइट्रोजन और आर्गन पाया जाता है जिसमें कार्बन डाइआक्साइड अधिक मात्रा में पाया जाता है। मंगल के दो चन्द्रमा है, फोबोस और डिमोस।

**70. पृथ्वी को उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में क्या विभाजित करता है?**

(a) घूर्णन अक्ष (Axis of rotation)
(b) भूमध्य रेखा (Equator)
(c) उत्तरी ध्रुव (North Pole)
(d) दक्षिणी ध्रुव (South Pole)

**Ans.** (b) **:** भूमध्य रेखा (Equator) पृथ्वी को उत्तरी और दक्षिणी गोलार्द्ध में विभाजित करता है, यह 0° अक्षांश पर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के बीच में स्थित है। भूमध्य रेखा पर दिन एवं रात बराबर होते हैं। भूमध्य रेखा 13 देशों से होकर गुजरती है।

**71. लोहे का शुद्ध रूप क्या है?**

(a) ढलवाँ लोहा (Cast iron)
(b) इस्पात (Steel)
(c) कच्चा लोहा (Pig iron)
(d) पिटवाँ लोहा (Wrought iron)

**Ans.** (d) **:** लोहे का शुद्ध रूप पिटवाँ लोहा (Wrought iron) है, इसमें कार्बन की मात्रा 0.12% से 0.25% होती है। पिटवाँ लोहा, कच्चे लोहे को दुबारा पिघलाकर बनाया जाता है, इसमें थोड़ी मात्रा में सिलिकॉन, सल्फर, फास्फोरस भी पाया जाता है। यह कठोर, आघातवर्धनीय और नमनीय होता है।

**72. निम्नलिखित में से किसे भौतिकी के विद्युत, चुंबकत्व और प्रकाशिकी क्षेत्र के एकीकरण के लिए काम करने का श्रेय दिया जाता है?**

(a) जेम्स क्लार्क मैक्सवेल
(b) माइकल फैराडे
(c) हरिस क्रिश्चियन ओस्टेड
(d) आइजैक न्यूटन

**Ans.** (a) **:** जेम्स क्लार्क मैक्सवेल स्कॉटलैंड के एक प्रसिद्ध गणितज्ञ एवं भौतिक वैज्ञानिक थे। इन्हें भौतिकी के विद्युत, चुम्बकत्व और प्रकाशिकी क्षेत्र के एकीकरण के लिये कार्य करने के लिये जाना जाता है। इन्होंने 1865 में विद्युत चुम्बकीय सिद्धांत का प्रतिपादन किया था।

**73. रिस्ट्रिक्शन एंजाइम्स की खोज किसने की थी?**

(a) वॉर्नर आर्बर, स्मिथ और नाथन
(b) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(c) बर्ग
(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans.** (a) **:** प्रतिबन्धन एन्जाइम (रिस्ट्रिक्शन एन्जाइम) की खोज वॉर्नर आर्बर, स्मिथ और नाथन ने की थी। प्रतिबन्धन एन्जाइम कुछ बैक्टीरिया द्वारा उत्पादित एन्जाइम होते हैं। जिनमें विशिष्ट आधार अनुक्रमों पर या उसके निकट डीएनए अणु को विभाजित करने का गुण होता है।

**74. इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह को मापने के लिए कौन-सा यंत्र प्रयुक्त होता है?**

(a) अमीटर (b) वोल्टमीटर
(c) भूकंप-सूचक यंत्र (d) बैरोमीटर

**Ans.** (a) **:**
अमीटर – इलेक्ट्रानों के प्रवाह को मापने के लियें प्रयुक्त यंत्र
बैरोमीटर – वायुदाब मापक यंत्र
सिस्मोग्राम – भूकम्प को मापने वाला यंत्र
वोल्टमीटर– किसी परिपथ के किन्ही दो बिन्दुओं के बीच विभवान्तर मापक यंत्र।

**75. फॉस्फोरस की परमाणु संख्या क्या है?**
(a) 12 (b) 13
(c) 14 (d) 15

**Ans.** (d) **:** फास्फोरस (P) की परमाणु संख्या 15, मैग्नीशियम (Mg) की परमाणु संख्या 12, एल्युमीनियम (Al) की परमाणु संख्या 13, और सिलिकान (Si) की परमाणु संख्या 14 है। किसी तत्व का परमाणु क्रमांक उस तत्व के नाभिक में उपस्थित प्रोटानों की संख्या के बराबर होता है।

**76. मानव शरीर में कौन-सा रक्त समूह दुर्लभ है?**
(a) ओ निगेटिव (O negative)
(b) एबी पॉजिटिव (AB positive)
(c) एबी निगेटिव (AB negative)
(d) ओ पॉजिटिव (O Positive)

**Ans.** (c) **:** मानव शरीर में ए.बी. निगेटिव (AB Negative) रक्त समूह दुर्भल है। 'O' रक्त समूह को सर्वदाता एवं 'AB' रक्त समूह को सर्वग्राही कहा जाता है।

**77. केंद्रीय प्रशासित क्षेत्रों में, सबसे कम जनसंख्या घनत्व किसमें है?**
(a) लक्षद्वीप
(b) पुदुचेरी
(c) अंडमान व निकोबार द्वीप समूह
(d) दमन और दीव

**Ans.** (c) **:** 2011 की जनगणना के अनुसार, केन्द्र शासित प्रदेश में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व दिल्ली में (11320) तथा सबसे कम जनंसख्या घनत्व अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में है। भारत का जनसंख्या घनत्व 382 प्रतिवर्ग किमी है।

**78. हड़प्पा की कृषि तकनीकों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**
**I. टेराकोटा मॉडल के हल चोलिस्तान और बनावली (हरियाणा) में पाए गए हैं।**
**II. कालीबंगन (राजस्थान) में एक जुता हुआ खेत, प्रारंभिक हड़प्पा से संबंधित है।**
**नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें।**
(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) न तो I और न ही II

**Ans.** (c) **:** हड़प्पा सभ्यता में कृषि के साक्ष्य पाये गये हैं, यहाँ की मुख्य फसलों में गेहूँ और जौ शामिल था। टेराकोटा मॉडल के हल चोलिस्तान और बनावली (हरियाणा) में पाये गये हैं, कालीबंगन (राजस्थान) में एक जुता हुआ खेत, प्रारम्भिक हड़प्पा स्तरों से सम्बंधित है।

**79. ब्रिटिश काल में कौन-सा भारतीय राज्य 'त्रावणकोर का रियासत राज्य' के रूप में जाना जाता था?**
(a) केरल (b) तमिलनाडु
(c) कर्नाटक (d) आंध्र प्रदेश

**Ans.** (a) **:** ब्रिटिश काल में केरल को 'त्रावणकोर का रियासती राज्य' के रूप में जाना जाता है। त्रावणकोर को थिरुवियमकूर के नाम से भी जाना जाता है, यह रियासत 1663-1949 तक शाही शासन के अधीन रही।

**80. जीएसटी परिषद् में कितने सदस्य होते हैं?**
(a) 30 (b) 35
(c) 33 (d) 23

**Ans.** (c) **:** GST को 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया। जीएसटी परिषद में 33 सदस्य शामिल हैं। जीएसटी परिषद की अध्यक्षता वित्तमंत्री करता है, वर्तमान में निर्मला सीतारमण जीएसटी परिषद की अध्यक्ष हैं।

**81. निम्नलिखित में से एक स्थान की पहचान करें, जहाँ एक परमाणु ऊर्जा स्टेशन स्थित है।**
(a) हीराकुण्ड (b) नहरकटिया
(c) तातिपाका (d) काकरापार

**Ans.** (d) **:**

| परमाणु ऊर्जा स्टेशन | | राज्य |
|---|---|---|
| काकरापार | – | गुजरात |
| रावटभाटा | – | राजस्थान |
| कुडनकुलम | – | तमिलनाडु |
| नरौरा | – | उत्तर प्रदेश |

**82. भारत कोकिला के नाम से किसे जाना जाता है?**
(a) इंदिरा गांधी (b) मदर टेरेसा
(c) सरोजिनी नायडू (d) रानी लक्ष्मी बाई

**Ans.** (c) **:** सरोजनी नायडू का जन्म 1879 में हैदराबाद में हुआ था इन्हें 'भारत कोकिला' के नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने सविनय अवज्ञा आन्दोलन और भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय रूप से योगदान दिया। ये स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल (उत्तर प्रदेश) थीं। भारत में सरोजिनी नायडू की जयन्ती को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**83. सबसे प्रसिद्ध नियोलिथिक स्थलों में से एक, कैटल ह्यूक .......... में पाया गया था।**
(a) इटली (b) टर्की
(c) सीरिया (d) ब्रह्मपुत्र

**Ans.** (b) **:** नवपाषाण काल या नव पाषाण युग, मानव विकास का वह काल था जो लगभग 10,000 ईसा पूर्व से 3000 ईसा पूर्व तक माना जाता है। सबसे प्रसिद्ध नवपाषाण स्थलों में से एक कैटल ह्यूक टर्की में पाया गया था। उत्तर प्रदेश के बेलन घाटी में स्थित महगढ़ा, चोपानी-मांडो और कोल्डिहवा आदि नवपाषाण स्थल है।

**84. भारतीय संविधान की आठवीं सूची में कितनी भाषाएं उल्लिखित हैं?**
(a) 22 (b) 18
(c) 25 (d) 14